● जयपुर, सोमवार, 10 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 282 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक **चमकता राजस्थान**

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 बिजली की बढ़ती मांग के अनुरूप विद्युत तंत्र को बनाएं मजबूत - ऊर्जा मंत्री....

पेज @5 आदर्श नगर थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस थाने की तत्परता ने...

पेज @8 » 100 करोड़ रूपए के बजट से विकसित होगा महाराणा...

नरेंद्र मोदी ने रचा इतिहास, लगातार तीसरी बार बनें देश के प्रधानमंत्री, अपने नाम किए कई बड़े रिकॉर्ड

मोदी सरकार में राजनाथ, अमित शाह बने मंत्री, नड्डा की हुई वापसी

नईदिल्ली/एजेंसी।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के पद की शपथ ले ली है।उनके साथ 71 और सांसदों को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। इसी के साथ ही मोदी जवाहरलाल नेहरू के बाद तीसरी बार शपथ लेने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं।

शपथ लेते ही मोदी ने अपने नाम कई बड़े रिकॉर्ड किए हैं। वे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए हैं।इसके अलावा वे स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के अलावा एकमात्र ऐसे व्यक्ति बन गए हैं, जिन्होंने अपने नेतृत्व में लगातार 3 लोकसभा चुनाव जीतकर सरकार बनाई है।वे आजादी के बाद से 3 बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले तीसरे व्यक्ति भी बन गए हैं।

मोदी तीसरे ऐसे नेता हैं, जिनकी सरकार ने 5-5 साल के लगातार 2 कार्यकाल पूरे किए हैं। इससे पहले नेहरू और डॉक्टर मनमोहन सिंह ने ये कारनामा किया है। ऐसा करने वाले मोदी पहले गैर-कांग्रेसी नेता भी हैं।1967 में इंदिरा गांधी ने 5 साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही मध्यावधि चुनाव करवा लिया था। बड़ा फर्क ये भी है कि मोदी ने अपने दोनों कार्यकाल में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई थी।

मोदी देश के राजनीतिक इतिहास में अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जो करीब 13 साल तक मुख्यमंत्री रहे और फिर सीधा प्रधानमंत्री चुने गए। लगातार 10 साल तक प्रधानमंत्री रहने के बाद अब वे अपना तीसरा कार्यकाल शुरू कर रहे हैं।करीब 23 साल से वे लगातार मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे शीर्ष पदों पर हैं।2001 से लेकर 2014 तक वे गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और 2014 से लेकर 2024 तक प्रधानमंत्री पद पर रहे।

राजस्थान से मोदी कैबिनेट में शेखावत-मेघवाल तीसरी बार, यादव दूसरी और चौधरी पहली बार मंत्री बने

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) इस बार 2 कैबिनेट मिनिस्टर मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई कैबिनेट में राजस्थान का कद बढ़ गया है। मोदी के मंत्रिमंडल में इस बार प्रदेश को 4 मंत्री मिले हैं। इसमें 2 कैबिनेट, एक स्वतंत्र प्रभार और एक राज्य मंत्री हैं।अलवर से सांसद भूपेंद्र यादव, जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वहीं बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और भागीरथ चौधरी ने राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली। चौधरी पहली बार केंद्रीय मंत्री बने हैं। इन चार के अलावा कैबिनेट मंत्री बने अश्विनी वैष्णव भी जोधपुर से हैं। हालाकि वे ओडिशा से राज्यसभा सांसद हैं। पिछली सरकार में राजस्थान से एक कैबिनेट मंत्री ही था। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष भी राजस्थान से ही थे। भूपेंद्र यादव सरकार में नंबर 23, शेखावत 24 कैबिनेट मंत्री बनाए गए भूपेंद्र यादव और गजेंद्र सिंह शेखावत ने लगातार शपथ ली। यादव ने सरकार में 23वें और शेखावत ने 24वें नंबर पर शपथ ली। वहीं, अश्विनी वैष्णव ने 21वें नंबर पर शपथ ली थी।

दो ओबीसी, एक दलित और एक सामान्य वर्ग से मंत्री

» राजस्थान से जिन 4 सांसदों को मंत्री बनने का मौका मिला उसमें दो ओबीसी, एक दलित और एक सामान्य वर्ग से हैं। भूपेंद्र यादव और भागीरथ चौधरी ओबीसी वर्ग से आते हैं। भागीरथ जाट समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। वहीं अर्जुनराम मेघवाल राजस्थान का प्रमुख दलित चेहरा हैं और गजेंद्र सिंह शेखावत राजपूत समाज से आते हैं।

हरियाणा से पानी नहीं छोड़ा गया तो एक-दो दिन में दिल्ली में होगा बड़ा जल संकटः आतिशी

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह को एक बार फिर पत्र लिखकर कहा है कि यदि पड़ोसी राज्य दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी नहीं छोड़ता है तो राष्ट्रीय राजधानी को अगले एक-दो दिन में बड़े जल संकट का सामना करना पड़ेगा। आतिशी ने पत्र में लिखा, पिछले कुछ दिनों से हरियाणा मुनक नहर में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रहा है। इसके परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय राजधाना के लोगों को अनुचित कष्ट उठाना पड़ रहा है।

पत्र में कहा गया है कि मई 2018 में अपर यमुना रिवर बोर्ड की 53वीं बैठक में हुए समझौते के अनुसार, मुंडक नहर के जरिये दिल्ली को 1,050 क्यूसेक (56.8 करोड़ गैलन प्रतिदिन) पानी दिया जाना था। रास्ते में पानी के नुकसान को देखते हुए 1,013 क्यूसेक (54.8 करोड़ गैलन प्रतिदिन) पानी दिल्ली पहुंचना चाहिये।

मंत्री ने अपने पत्र में लिखा कि दिल्ली के बवाना में, जहां मुंडक नहर का पानी केंद्रशासित प्रदेश में प्रवेश करता है, इसकी मात्रा मापी गई थी। अपर यमुना रिवर बोर्ड के प्रतिनिधियों ने पिछले सप्ताह इन फ्लो मीटरों की जांच की थी। गर्मी के समय में भी बवाना में दिल्ली को मिलने वाले पानी की औसत मात्रा 980 से 1,030 क्यूसेक के बीच होती है।

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के बाद खाई में गिरी बस, 10 लोगों की मौत

जम्मू-कश्मीर/एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर से बड़ी आतंकवादी घटना की खबर सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर आतंकवादियों ने हमला किया है।

शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक इस आंतकवादी हमले में दस लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। बस शिवखोड़ी मंदिर से कटरा लौट रही थी तभी आतंकवादियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। हमले के बाद बस खाई में गिर गई। बस में लगभग 50 लोग मौजूद थे।

बताया जाता है कि बस जैसे ही जंगल के इलाके में पहुंची, घात लगाए आतंकियों ने बस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। आतंकियों की गोलीबारी से घबराए ड्राइवर ने बस पर अपना नियंत्रण खो दिया और बस खाई में जा गिरी। फिलहाल सेना की ओर से बचाव अभियान जारी है। घटनास्थल पर पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त टुकडियां पहुंच गई हैं। आतंकियों की तलाश में भारतीय सेना, सीआरपीएफ, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

घटनास्थल के आसपास के रहने वाले स्थानीय लोग बचाव कार्य में लगे हुए हैं। सहायता के एंबुलेंस पहुंच चुकी है। सूत्रों के मुताबिक आतंकवादियों का समूह राजौरी, पुंछ और रियासी के ऊपरी इलाकों में छिपा हुआ है।

रामोजी राव का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, उठी भारत रत्न देने की मांग

हैदराबाद/एजेंसी। 8 जून 2024, दक्षिण भारतीय सिनेमा के लिए एक दुखद खबर लेकर आई। दअरसल, बीते दिन मीडिया दिग्गज और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने 87 वर्ष की आयु में हैदराबाद में अंतिम सांस ली थी। आज उनका अंतिम संस्कार किया गया।तेलंगाना सरकार के राजकीय सम्मान के साथ सिनेमा के दिग्गज को अंतिम विदाई दी।उनकी अंतिम यात्रा में राजनेताओं समेत फिल्मी दुनिया की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं।

रामोजी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ रविवार यानी 9 जून 2024 को रामोजी फिल्म सिटी में किया गया। कथित तौर पर उनके बेटे किरण ने उन्हें मुखाग्नि दी।आंध्र प्रदेश सरकार ने रामोजी को श्रद्धांजली देने के लिए रविवार (9 जून) और सोमवार (10 जून) को राजकीय शोक की घोषणा की है। दोनों दिन पूरे राज्य में राष्ट्रीय ध्वज भी आधा झुका रहेगा।एसएस राजामौली और एमएम कीरवानी जैसी हस्तियों ने शूटिंग रोककर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी।

तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, रामोजी के अंतिम संस्कार और अंत्येष्टि में शामिल हुए।

यूपी और पूर्वी भारत में अगले पांच दिन लू का अलर्ट, महाराष्ट्र में भारी बारिश की चेतावनी

नईदिल्ली/एजेंसी। उत्तर भारत में अभी भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही. देश के उत्तरी राज्यों में लू की स्थिति बनी हुई है. ज्यादातर स्थानों पर तापमान अब भी 45 डिग्री से ऊपर बना हुआ है. वहीं दक्षिण के राज्यों में मानसून आने के बाद से बारिश का दौर शुरू हो गया है. बता दें कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने केरल में दो जून को दस्तक दी थी. उसके बाद से केरल और उसके आसपास के राज्यों में बारिश शुरू हो गई. अब मानसून आगे बढ़ रहे है. बताया जा रहा है कि मानसून ने महाराष्ट्र के साथ-साथ गोवा और कोंकण में भी दस्तक दे दी है. ऐसे में यहां भी बारिश का दौर शुरू हो गया है. इसी बीच मौसम विभाग ने लू को लेकर अलर्ट जारी किया है, मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक देश के पूर्वी हिस्से के अलावा उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्मी से राहत नहीं मिलेगी. इन पांच दिनों के दौरान यहां लू की स्थिति जारी रहने की संभावना है. मौसम विभाग का कहना है कि लू से बचने के लिए दोपहर के समय घरों से निकलने में परहेज करें. बता दें कि इससे के साथ ही दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और चंडीगढ़ में भी गर्मी पड़ रही है. जिससे लोग बेहाल हैं.

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने महाराष्ट्र, गोवा और कोंकण में दस्तक दे दी है. इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 09 और 10 जून को दक्षिण कोंकण के अलावा गोवा, दक्षिण मध्य महाराष्ट्र और तटीय और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही मौसम विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना जताई है. मौसम विभाग का कहना है कि 9 जून से उत्तर-पश्चिम भारत में लू की स्थिति का एक नया दौर शुरू होने की संभावना है.

गोल्डन विंग्स का तमगा मिला

अनामिका राजीव ने रचा इतिहास, भारतीय नौसेना में बनीं पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट

चेन्नई/एजेंसी।

भारतीय नौसेना के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है! अनामिका बी राजीव भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बन गई हैं! शुक्रवार को अराक्कोनम के आईएनएस राजाली में हेलीकॉप्टर ट्रेनिंग स्कूल में एक हेलीकॉप्टर कन्वर्जन कोर्स पूरा करने के बाद उन्हें गोल्डन विंग्स से सम्मानित किया गया.

अनामिका उन ट्रेनीज़ में थीं जिन्होंने हेलीकॉप्टर कन्वर्जन कोर्स और चौथे बेसिक हेलीकॉप्टर कन्वर्जन कोर्स के स्टेज 1 ट्रेनिंग के दो कोर्स के ग्रेजुएशन को चिह्नित करते हुए एक पासिंग आउट परेड में भाग लिया. ईस्टर्न नेवल कमांड के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढरकर ने पासिंग आउट परेड में अनामिका राजीव और 20 ऑफिसर कैडेट्स को गोल्डन विंग्स प्रदान किए.

यह गोल्डन विंग्स 22 हफ़्तों के कठिन ट्रेनिंग प्रोग्राम के सफल समाप्ति का प्रतीक है जिसमें हेलीकॉप्टर ट्रेनिंग स्कूल में कठोर उड़ान और भूमि प्रशिक्षण शामिल था. पेंढरकर ने पासिंग आउट परेड में कहा, हमारे वायु सेना का हेलीकॉप्टर धारा अपने सबसे मांगलिक लेकिन दुर्जेय आयामों में से एक है. मांगलिक - क्योंकि पायलटों को समुद्र में एक छोटे डेक से सुरक्षित रूप से संचालित करने के लिए अपने सभी अर्जित कौशल और कुशलता लाने की आवश्यकता होगी, जो कि किनारे के बेसों के विपरीत, तीनों आयामों में चलने वाला है. दुर्जेय - क्योंकि आधुनिक हेलीकॉप्टर अत्यधिक शक्तिशाली प्लेटफॉर्म हैं जो उस प्लेटफॉर्म की अग्निशक्ति और लड़ाई क्षमता को काफी बढ़ाते हैं जिससे वे संचालित होते हैं.

यह घटना भारतीय नौसेना के लिए एक ऐतिहासिक पल है और यह दिखाता है कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में कामयाबी हासिल कर सकती हैं. अनामिका राजीव की यह उपलब्धि दुनिया भर की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है.

यदि ये मोदी की हार है तो कांग्रेस की जीत कैसे?

लोकसभा चुनाव के आए परिणाम के बाद देश अभी समीक्षा के दौर से गुजर रहा है, कहीं खुशी और कहीं गम का माहौल बरकरार है, लेकिन सत्ता का नेतृत्व फिर से नरेन्द्र मोदी के पास है। दूसरी ओर विपक्ष है, विशेष कर कांग्रेस जिसके नेता रह-रह कर इस प्रकार के बयान दे रहे हैं, जैसे उन्हें समझ नहीं आ रहा, आखिर भाजपा इतनी सीट जीत कर कैसे सरकार में आ गई? देश में फिर तीसरी बार कांग्रेस को विपक्ष में बैठना होगा। देखा जाए तो यह सच है कि इस बार के चुनाव परिणाम भाजपा के लिए उसकी आशा अनुरूप नहीं आए, किंतु क्या यह कांग्रेस की तुलना में लगातार आनेवाले संख्यात्मक बहुत ज्यादा अच्छे परिणाम नहीं हैं? कांग्रेस आज यह बात क्यों नहीं स्वीकारना चाहती, कांग्रेस आज किस बात की खुशी मना रही है? बात तो तब होती जब भजपा-नीत एनडीए गठबंधन को वह सत्ता के लिए आवश्यक बहुमत से दूर रख पाती।

आश्चर्य ये कि एनडीए गठबंधन को बहुमत के बाद भी कांग्रेस व संपूर्ण विपक्ष एक ही रट लगाए हुए है कि नरेंद्र मोदी एक व्यक्ति और संपूर्ण भाजपा एक संगठन के रूप में हार चुके हैं। जनता ने इस बार उन्हें नहीं जिताया, नकारा है। जो कांग्रेस आज यह कह रही है अच्छा होता वह स्वयं आत्ममंथन करती और इस सच को हृदय से स्वीकारती कि वर्तमान में जो भाजपा 240 जितनी भी सीटें एनडीए कुल 293 हासिल हुई हैं, यह बहुमत के आंकड़े 272 से 21 सीटें अधिक हैं और यह सभी सांसद प्रधानमंत्री मोदी का चेहरा एवं भविष्य के विकसित भारत के संकल्प के साथ जीते हैं। इसके बाद भी देखिए, कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश और राहुल गांधी की अकड़ कि वह नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाने का बार-बार प्रयास करते नजर आते हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश कह रहे हैं कि आज 'ढोल बजाने वाले' लोग पीएम मोदी के 'दयनीय' चुनावी प्रदर्शन को बेवजह सही ठहरा रहे हैं। नरेंद्र मोदी के लिए ढोल पीटने वाले उनकी नैतिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत हार वाले जनादेश में भी उम्मीद की किरण तलाश रहे हैं। इसे खूब प्रचारित किया जा रहा है कि जवाहरलाल नेहरू के बाद मोदी लगातार तीन बार जनादेश प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति हैं। लेकिन किसी पार्टी को 240 सीटों तक ले जाना और एक-तिहाई प्रधानमंत्री बनना जनादेश कैसे है, इसे एक्सप्लेन नहीं किया जा रहा है। एक तिहाई प्रधानमंत्री के लिए ढोल पीटने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में उनके खराब चुनावी प्रदर्शन को लाजवाब साबित करने के लिए कुछ भी ढूंढ लेंगे।

दरअसल, यहां समझ नहीं आ रहा है, कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश इतनी बड़ी-बड़ी बातें किस नैतिक आधार पर कर रहे हैं? जबकि उनकी पार्टी का प्रदर्शन तो इस बार भी पिछले कई बार के लोकसभा चुनावों की तरह ही खराब रहा है। तुलनात्मक रूप से इसका अध्ययन भी किया जा सकता है। इस बार कांग्रेस शतक भी नहीं लगा सकी, 99 पर अटक गई। जबकि भाजपा को देश की जनता ने 240 तक पहुंचा दिया। इसके पहले वर्ष 2019 में कांग्रेस ने सिर्फ 52 सीटें जीती। 17 प्रदेशों में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। दूसरी तरफ भाजपा ने 303 सीटें जीतीं। 10 राज्यों की लगभग सभी सीटें भाजपा को मिली थीं। यहां थोड़ा इसके पहले के वर्षों का भी आंकलन करते हैं, तब 2014 में 282 सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ने 59 सीटों पर और कांग्रेस ने सिर्फ 44 सीटों पर जीत हासिल की थी । यानी वह विपक्ष में अपना नेता प्रतिपक्ष भी नहीं चुन सकी थी, इतनी बुरी हालत चुनावों में कांग्रेस की होना सामने आया था। यदि और इससे पहले के 10 सालों की तुलना कांग्रेस एवं भाजपा के बीच की करते हैं तो आंकड़े तब भी भाजपा 100 का परिणाम देते हुए नजर आती है। उस वक्त (2009 में) कांग्रेस बहुमत का आंकड़ा 272 अपने दम पर नहीं ला पाई थी। कांग्रेस की अगुवाई वाले संप्रग को 262 सीटें मिली। कांग्रेस ने 206 सीटें जीतीं। वहीं, राजग को कुल 159 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा को 116 सीटें मिली थीं। सरकार को सपा-बसपा ने बाहर से समर्थन दिया था, तब जाकर मनमोहन सिंह को कांग्रेस दोबारा प्रधानमंत्री बनवा पाई थी। इसके पहले 2004 के चुनाव में 145 सीटें कांग्रेस को मिली थीं, फिर भी उसने अपना प्रधानमंत्री देश को दिया था। जबकि भाजपा के खाते में इस साल 138 सीटें मिली थीं। आप इससे पहले के भी अन्य साल देख सकते हैं, जिस समय में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार रही। तेरहवीं लोकसभा में भी भाजपा को 180 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस 114 पर सिमट कर रह गई थी।

बारहवीं लोकसभा के लिए भी जब 1998 में मतदान होता है तब भी भारतीय जनता पार्टी की स्थिति कांग्रेस से बेहतर रही थी। आंकड़ा दोनों के बीच का भाजपा-182 और कांग्रेस- 141 रहा था। यानी कि हर स्थिति में भाजपा एक लम्बे समय से सीटों का शतक बनाती रही है और जब भी उसे विपक्ष में बैठना पड़ा है तो एक मजबूत विपक्ष के रूप में संसद में अपनी भूमिका निभाती रही है। फिर आज आप देखिए, कैसा अहंकारपूर्ण व्यवहार करते कांग्रेस के नेता दिखाई दे रहे हैं। आज कांग्रेस जिस तरह से मोदी और भाजपा को लेकर उनकी नैतिक हार और जनता द्वारा उन्हें नकारे जाने की बात कह रही है, सच सही है कि उसे ऐसा कहने के पूर्व स्वयं का सही ढंग से आकलन करना चाहिए। कई वर्षों से जिनका अपना स्वयं का रिकार्ड ठीक नहीं और जिसे फिर से तीसरी बार देश की जनता सिर्फ 99 सीट देती है और भाजपा को 240, जिसमें कि संपूर्ण राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को देश की जनता 293 सीट जो सभी नरेन्द्र मोदी का चेहरा आगे रखकर विकास के नाम पर जीती गई हैं। अब जब कई निर्दलियों के एनडीए में सम्मलित होने के बाद यह संख्या 300 को पार कर चुकी है, फिर भला इतनी बड़ी जीत प्राप्त करने के बाद किस जमीन पर कांग्रेस इस बार के चुनाव परिणाम को भाजपा और मोदी की असफलता के रूप में प्रचारित कर रही है?

मध्यप्रदेश में खास रही 'स्त्री शक्ति' की भूमिका

प्रो.संजय द्विवेदी

लोकसभा की सभी सीटें जीतकर भाजपा ने रचा इतिहास



मध्यप्रदेश में सभी लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त कर भाजपा ने कठिन समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बड़ा सहारा दिया है। जिसमें मध्यप्रदेश की महिला मतदाताओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। विधानसभा चुनाव अभियान से ही प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश में सबसे खास चेहरा बने हुए हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में भाजपा ने मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था और भारी जनसमर्थन प्राप्त किया। 'मोदी के मन में मध्यप्रदेश, मध्यप्रदेश के मन में मोदी' यह मुख्य नारा था, जिसमें संगठन के परिश्रम ने प्राण फूंक दिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता में तीसरी बार वापसी एक असाधारण घटना है। भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में अपनी लोकप्रियता और प्रासंगिकता बनाए रखना इतना आसान नहीं होता। भाजपा जैसे दल के लिए जिसने 8 वें दशक में सिर्फ दो लोकसभा सीटों के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ की हो, यह चमत्कार ही है। अनपेक्षित परिणामों के बाद भी केंद्र में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी और एनडीए सबसे बड़ा गठबंधन है। मध्यप्रदेश वैसे भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के अद्भुत समन्वय से चलने वाला राज्य रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे दिग्गजों की जुगलबंदी ने जो इतिहास रचा है, उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। इसके अलावा नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राजेन्द्र शुक्ल, फग्गन सिंह कुलस्ते, वीरेंद्र कुमार जैसे अनेक नेता भाजपा के सामाजिक और भौगोलिक विस्तार को स्थापित करते हैं।

संघ की प्रयोगभूमि होने के कारण मध्यप्रदेश पर पूरे देश की निगाह थी। मध्यप्रदेश में यह वैचारिक यात्रा हिंदुत्व,भारतबोध की यात्रा तो है ही समाज के सभी वर्गों की हिस्सेदारी ने इसे सफल बनाया है। स्त्री शक्ति इसमें सबसे प्रमुख है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जहां स्त्री शक्ति को भाजपा के साथ गोलबंद करने में अहम भूमिका निभाई, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आते ही सामान्य जन के जीवन स्तर को उठाने के प्रयास किए। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवारों को संबल दिया, जिस बदलाव को स्त्री शक्ति ने महसूस किया। स्त्री भारतीय परिवारों की धुरी है। भारतीय राजनीति में स्त्री को इस तरह से केंद्र में रखकर कभी विचार नहीं किया गया। यह बात रेखांकित करना चाहिए कि आखिर देश की राजनीति में स्त्री के सवाल हाशिए पर क्यों रहे हैं? स्त्री आखिर चाहती क्या है? वह चाहती है सुखद, सुरक्षित, आनंदमय जीवन और अपने बच्चों का सुनहरा भविष्य। एक अदद छत जिसमें वह अपने परिवार के साथ चैन से रह सके।

नरेंद्र मोदी ने सामान्य भारतीय स्त्री के इस मन और जीवन की समस्याओं को संबोधित किया। स्त्री को सुरक्षित परिवेश और बेटियों को आसमान छूने की प्रेरणा दी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा नहीं एक सामाजिक संकल्प बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत सामान्य परिस्थितियों से आगे बढ़े हैं। वे परिवारों को चलाने वाली स्त्री के दर्द, उसकी जरूरतों को समझने वाले राजनेता हैं। उज्जवला गैस जैसे योजना उनके संवेदनशील मन की गवाही देती है। लकड़ियां लेटर आने,गोबर के उपलों से खाना बनाती स्त्री, उसके कष्ट सब नहीं समझ सकते। धुएं के नाते उसको होने वाले स्वास्थ्यगत नुकसान को भी सब नहीं समझ सकते। बात छोटी है,पर संवेदना बहुत बड़ी। इसी तरह शौचालय न होने के कारण स्त्री के कष्ट से हर घर शौचालय का विचार एक क्रांतिकारी कदम था। यह मुद्दा महिला सुरक्षा ,स्वास्थ्य और स्वच्छता सबसे जुड़ा हुआ मुद्दा है। मध्यप्रदेश ने केंद्र की सभी योजनाओं का श्रेष्ठ क्रियान्वयन किया। इस पहल ने देश और प्रदेश में परिवर्तन का सूत्रपात किया। प्रधानमंत्री आवास योजना इसी दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम था, जिसने परिवार को छत दी। आप लाख कहें महिला के लिए उसके घर से बड़ी कोई चीज नहीं होती। यह बहुत भावनात्मक विषय है, जो सामान्य मन से समझ में नहीं आएगा। कोरोना संकट में देश और उसके नागरिकों की अभिभावक की तरह चिंता करके प्रधानमंत्री ने लोगों के मन में जगह बना ली। वैक्सीन से लेकर 80 करोड़ परिवारों को राशन ने स्त्रियों के मन में सरकार के प्रति भरोसा जगाया।

स्त्री कल्याण की योजनाएं मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को 'मामा' के रूप में स्थापित कर गयीं। शिवराज जी मध्यप्रदेश में इसी लोकप्रियता के कारण अपनी सीट आठ लाख से ज्यादा मतों से जीते और मध्य प्रदेश में सबसे बड़ी सफलता मिली। भाजपा मध्यप्रदेश की सरकार सामाजिक कल्याण की योजनाएं और केंद्र की योजनाओं ने कमाल किया। भरोसा पैदा किया। मोदी ने 2014 में सत्ता में आते ही अपनी सरकार को गरीबों के कल्याण के समर्पित होने की 'घोषणा' की थी। यह घोषणा बाद के 10 सालों में 'संकल्प' सरीखी नजर आई। भरोसा जगाते हुए मोदी देश के दिल में उतरते चले गए। मध्यप्रदेश में नरेंद्र मोदी के प्रति गहरा प्रेम और सम्मान तब भी प्रकट हुआ, जब विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अभूतपूर्व जनादेश प्राप्त किया। इसके लिए पीएम ने सार्वजनिक मंच पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की पीठ भी ठोंकी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने साफ कहा कि महिला कल्याण की कोई योजना बंद नहीं होगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी लालड़ी बहना योजना को चुनावों में प्रभावित करने वाला बताते हैं।

संसद और विधानसभाओं के लिए महिला आरक्षण बिल पास करवाना भी केंद्र सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि रही। लंबे समय से लंबित यह बिल अनेक सरकारों के प्रयास के बाद भी पास नहीं हो सका था। मोदी सरकार की स्त्री मुद्दों पर प्रतिबद्धता भी इससे जाहिर हुई। साथ ही इस संसदीय चुनाव में देश में भाजपा ने 69 महिलाओं को टिकट दिया। कांग्रेस ने 41 महिला प्रत्याशी उतारे। संकेत और संदर्भ राजनीति को प्रभावित करते हैं। ऐसे में भाजपा की ओर स्त्री शक्ति का आकर्षण सहज ही है। आंकड़े बताते हैं कि हर वर्ग की महिलाओं में भाजपा की लोकप्रियता किसी अन्य दल से ज्यादा है। मोदी वैसे भी सामान्य रूप से सभी वर्गों के आकर्षण के केंद्र हैं। महिलाओं और युवाओं में उनकी लोकप्रियता बहुत है। सही मायनों में भारतीय लोकतंत्र में बढ़ती महिलाओं की हिस्सेदारी और उनका वोट प्रतिशत बड़े बदलाव का सूचक है। राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के चुनाव ने राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं को प्रेरित किया। नरेंद्र मोदी ने 'आकांक्षावान भारत' की उम्मीदों को पंख लगा दिए हैं। अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर महिलाएं सदैव चिंतित रहती हैं। अपने विकास केंद्रित विजन से मोदी सरकार भविष्य के आत्मविश्वासी भारत की नींव रख चुकी है। भरोसा यहीं से आता है। महिलाएं जानती हैं यह मोदी की गारंटी है, पूरी होनी चाहिए। स्त्री शक्ति के इस सहयोग और आशीर्वाद के बाद मोदी सरकार की जिम्मेदारियां बहुत बढ़ गई हैं, देखना है केंद्र सरकार आने वाले समय में इन प्रश्नों को किस तरह संबोधित करती है। फिलहाल तो देश की जनता और स्त्री शक्ति के जनादेश से सत्ता में आई एनडीए सरकार को शुभकामनाएं ही दी जा सकती हैं।

मध्यप्रदेश ने साबित किया है कि सत्ता और संगठन में समन्वय से ही अच्छे परिणाम पाए जा सकते हैं। महिलाओं को अपने साथ गोलबंद कर भाजपा ने अपना आधार मध्यप्रदेश में बहुत मजबूत कर लिया है। महिला आरक्षण बिल के बाद निश्चित ही आने वाले समय में राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए महिलाओं को आगे आना ही होगा। ऐसे में मध्यप्रदेश में होने वाले संगठनात्मक प्रयोग अन्य राज्यों के लिए भी सबक होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं।)

पराजय पर विलाप, जनादेश का अपमान

तनवीर जाफरी

जनादेश 2024 तो जरूर आ चुका है परन्तु 'षड़यंत्रकारी एक्जिट पोल' की हवा निकलने के बाद आये आश्चर्यचकित करने वाले इस जनादेश ने खास तौर पर उन लोगों के मुंह का स्वाद बिगाड़ कर रख दिया है जो 'अबकी बार 400 पार' जैसे फर्जी नारों और गोदी मीडिया द्वारा प्रचारित झूठे एक्जिट पोल में दिखाई गयी मोदी के नेतृत्व में भाजपा की धमाकेदार वापसी की पूरी उम्मीद लगाये बैठे थे। सत्ता की दलाली करने वाले एक चैनल ने तो अपने एक्जिट पोल में एन डी ए को 400 पार करा भी दिया था। परन्तु भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में इस बार के परिणाम कुछ ऐसे आये हैं कि एन डी ए बहुमत के आंकड़ों को पार करने के बावजूद विलाप कर रहा है जबकि बहुमत के आंकड़ों से दूर रहने के बाद भी विपक्षी गठबंधन में जश्न का माहौल है। चुनाव परिणाम जो भी हों परन्तु परिपक्व राजनीति का तकाजा तो यही है कि भारतीय लोकतंत्र में जनमत चाहे जो भी हो जैसा भी हो उस का सम्मान किया जाना चाहिये व उसे विनम्रतापूर्ण स्वीकार किया जाना चाहिये। परन्तु इस बार के चुनाव परिणामों के बाद खासतौर पर कुछ विशेष सीटों पर मिली पराजय या उनके अप्रत्याशित नतीजों के बाद पराजित पक्ष के लोगों ने अपना गुस्सा मतदाताओं पर निकालना शुरू कर दिया है। कई पराजित लोग तो मतदाताओं के निर्णय की खुलकर आलोचना कर रहे हैं। इनमें सबसे अधिक व तीखी प्रतिक्रिया फैजाबाद संसदीय सीट को लेकर सुनाई दी। इसी लोकसभा सीट के अन्तर्गत अयोध्या विधानसभा क्षेत्र भी आता है जहां निर्मित राम मंन्दिर को लेकर भारतीय जनता पार्टी न केवल फैजाबाद,न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के मतदाताओं से यह आस लगाये बैठी थी कि इसी वर्ष 22 जनवरी को हुये राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद उसे ऐतिहासिक बहुमत हासिल होगा। इसी सीट से लल्लू सिंह जो कि बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं तथा पांच बार अयोध्या से विधायक और दो बार फैजाबाद लोकसभा सीट से ही लोकसभा का चुनाव भी जीत चुके हैं वह तीसरी बार भी बड़े ही आत्मविश्वास के साथ इसी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में थे। परन्तु यहाँ के मतदाताओं ने एक अप्रत्याशित जनादेश देते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अर्थात इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को 54,567 मतों से जिता दिया। केवल अयोध्या ही नहीं बल्कि चित्रकूट,मेहंदीपुर बालाजी,सलासर धाम जैसी और भी अनेक धर्म नगरियां हैं जहाँ भाजपा 'धर्म ध्वजा ' के सहारे जीत हासिल करना चाहती थी परन्तु ऐसे सभी क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशियों को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। हद तो यह है कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने स्वयं को 'अवतारी' होने का भ्रम पाल रखा था और 2019 के चुनाव में काशी से ही 4 लाख 71 हजार के अंतर से जीत हासिल की थी वे इस बार कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय को मात्र 152513 मतों से ही पराजित सके। जबकि ऐतिहासिक रोड शो, प्रेस कॉन्फ्रेंस और गंगा में क्रूज यात्रा जैसी शो बाजियों के सहारे वे इस बार 10 लाख से अधिक मतों से जीतने का सपना देख रहे थे। राजनैतिक विश्लेषकों का तो यहाँ तक कहना है कि यदि कांग्रेस ने मोदी के मुकाबले प्रियंका गांधी को उतारा होता तो शायद इस बार वे प्रधानमंत्री बनना तो दूर सांसद भी नहीं बन पाते। ठीक इसके विपरीत कांग्रेस समाजवादी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में वह धमाका कर दिया जिसकी शायद इण्डिया गठबंधन को भी उम्मीद नहीं थी। यहाँ इण्डिया गठबंधन ने 42 सीटों पर जीत हासिल की। उधर भाजपा द्वारा 'पप्पू ' प्रचारित किये गए राहुल गाँधी जहां वायनाड से 3.64 लाख वोटों से जीते वहीँ उन्होंने उत्तर प्रदेश के मंत्री बीजेपी के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को रायबरेली से 3.90 लाख वोटों से पराजित किया। उपरोक्त जनादेश निश्चित रूप से न केवल मंहगाई,बेरोजगारी,साम्प्रदायिकता तथा धर्म के नाम पर समाज को विभाजित कर जन सरोकार के मूल मुद्दों से जनता जनार्दन का ध्यान भटकाकर उसे धार्मिक भावनाओं में उलझाकर रखने के विरुद्ध था बल्कि यह जनादेश जनता द्वारा सत्ता का घमंड चूर कर देने के लिये भी था। परन्तु जनता के हाथों अपनी मुंह की खाने वाले भाजपाइयों को जो 400 पार और 370 पार जैसे नारों में जी रहे थे उन्हें यह जनादेश कतई नहीं भाया। इसलिये न केवल अंधभक्तों ने बल्कि साम्प्रदायिक विद्वेष के बल पर अपनी नैय्या पार करने की इच्छा पाले कई पराजित उम्मीदवारों ने भी मतदाताओं को ही गरियाना शुरू कर दिया। अयोध्या-फैजाबाद के मतदाताओं को तो इतना कोसा गया व उनके लिये ऐसी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया मानो इस लोकसभा सीट की भाजपा ने अपने नाम 'रजिस्ट्री' ही करा ली थी जिसे जनता ने छीन लिया। आखिर अयोध्या की जनता ने किन कारणों से यह जनादेश दिया ? क्या 'जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे' जैसा नारा जो भाजपाई लगाते फिर रहे थे वह नारा पूरे देश का सर्वस्वीकार्य नारा है ? क्या शंकराचार्यों से लेकर अयोध्या के साधु संत तक इस अहंकारी नारे से सहमत हैं ?

अब तो लोग यही मान रहे हैं कि भगवन राम ने ही अहंकारियों को आईना दिखाया है और चेताया है कि धर्म किसी भी व्यक्ति की निजी आस्था व विश्वास का विषय है राजनीति व सत्ता के लिये दुरूपयोग का नहीं। इसी तरह रायबरेली की जनता के हाथों पराजित भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह तो अपनी शर्मनाक पराजय से रायबरेली के मतदाताओं से इतना आग बबूला हुये कि उन्होंने घोषणा कर दी कि वे 'एक वर्ष के अवकाश पर रहेंगे और रायबरेली की जनता का कोई काम ही नहीं करेंगे। जिसे काम कराना हो वह राहुल गाँधी के पास ही जाये।' इसी तरह साम्प्रदायिकतावादी भक्तजन भाजपा के सपने टूटने के लिये कहीं मुस्लिम मतदाताओं को जिम्मेदार ठहराते हुये अपशब्द कह रहे हैं तो कहीं दलितों व पिछड़ों को गालियां रहे हैं। सवाल यह है कि क्या देश का मतदाता किसी भी दल या राजनेताओं का गुलाम है जो उनकी इच्छाओं के अनुरूप ही मतदान करे ? क्या यह जरूरी है कि भक्तों, साम्प्रदायिकतावादियों की नजरों में जो सबसे जरूरी विषय हो मतदाता भी उसे वैसी ही प्राथमिकता दें ? हिमाचल प्रदेश दिल्ली, उत्तरांचल, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, उड़ीसा जैसी कई जगहों पर भाजपा ने निश्चित रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। विपक्षी दलों के नेता उन राज्यों के मतदाताओं को तो गलियां नहीं दे रहे हैं ? बल्कि वहां आत्म मंथन की बात कर रहे हैं। एन डी ए खासकर भाजपाई नेताओं व 'अंधभक्तों ' को भी मतदाताओं को गरियाने या परिणाम पर विलाप करने के बजाय आत्म मंथन ही करना चाहिये। पराजय पर इस तरह का विलाप व मतदाताओं को कोसना व गालियां देना तो दरअसल जनता जनार्दन द्वारा दिये गये जनादेश का अपमान ही कहा जायेगा।

जनादेश का सम्मान

डॉ दिलीप अग्निहोत्री

इस बार चुनाव के दौरान संविधान से संबंधित मुद्दे भी चर्चा मे रहे। चुनाव प्रचार के दौरान सत्ता पक्ष पर संविधान बदलने का आरोप लगाया गया। चुनाव परिणाम आने के बाद अल्पमत गठबंधन द्वारा सरकार के गठन के प्रयास भी किए गए। संविधान से जुड़े इन विषयों पर विचार विमर्श की आवश्यकता है। जाहिर है कि इस बार के चुनाव में संविधान को बदलने का मुद्दा भी चर्चित हुआ। लेकिन यह मुद्दा कौआ कान ले गया कहावत को चरितार्थ करने वाला था। जिस सरकार ने दस वर्षों तक संविधान बदलने का कोई प्रयास नहीं किया, उस पर संविधान बदलने का आरोप निराधार था। भारत में संविधान बदलना संभव भी नहीं है। इतना अवश्य है कि सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाया। यह संविधान का अस्थाई उपबंध था। इसको हटाना संविधान सम्मत था। इसके आलावा पाकिस्तान बांग्लादेश अफगानिस्तान में उत्पीड़ित लोगों के लिए नागरिकता कानून में संशोधन किया। यह मानवीय निर्णय था। इससे बड़ी संख्या में हिंदू सिख बाद जैन परिवारों को उत्पीडन से मुक्ति मिली। सरकार ने संविधान दिवस मनाने का निर्णय किया था। यह संविधान और संविधान निमार्ताओं के प्रति सम्मान था। डॉ आंबेडकर के जीवन से जुड़े पंच तीर्थों को भव्य रुप में प्रतिष्ठित किया गया। यह संविधान के शिल्पी के प्रति सम्मान था। संविधान में संशोधन हो सकते है। बयालीसवें संविधान संशोधन को तो लघु संविधान तक कहा गया। यह कांग्रेस सरकार के समय हुआ था। लेकिन किसी सरकार पर यह आरोप लगाना हास्यास्पद है कि वह पांच वर्ष में संविधान बदल देगी। भारतीय संविधान इतना कमजोर भी नही है। भारत जैसे विशाल और विविधापूर्ण देश में नया संविधान बनाना आसान भी नही है। भारतीय संविधान सभा को भारत के संविधानबनाने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे थे। 26 नवम्बर 1949 को संविधान राष्ट्र को समर्पित किया था। गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में आया। वर्तमान सरकार ने संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव राम जी आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार संविधान दिवस में मनाया गया। उसके बाद से प्रत्येक वर्ष संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान के मूल ढांचे में बदलाव संभव भी नहीं है। 1973 में केसवानंद भारती मामले के तहत सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान की मूल संरचना या मूल ढांचा का सिद्धांत दिया जिसके तहत भारतीय संसद संविधान में उसी हद तक संशोधन कर सकती है जहां तक संविधान के मूल ढांचे पर कोई प्रभाव ना पड़े। संविधान की सर्वोच्चता,कानून का शासन, संसदीय प्रणाली न्यायिक समीक्षा, राष्ट्र की एकता और अखंडता, संघीय स्वरूप, विधायिका कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के बीच शक्ति का विभाजन, गणराज्य , लोकतंत्र,स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव न्यायपालिका की स्वतंत्रता आदि में बदलाव नहीं किया जा सकता। चुनाव में राजनितिक पार्टियों की जय पराजय स्वाभाविक है। सरकारें बनती हैं, बदलती हैं। लेकिन बड़ी बात यह कि भारत की संवैधानिक व्यवस्था मजबूत है। संविधान पर खतरा बताना,संविधान को बदलने की बता करना व्यर्थ है। यह सम्भव भी नहीं है। आम चुनाव ने एक बार फिर संवैधानिक व्यवस्था की मजबूती को प्रमाणित किया। एक बार फिर लोकतन्त्र विजई हुआ है। बेहद प्रतिकूल मौसम में चुनाव हुए। कष्ट सहते हुऐ लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने यह मान लिया कि उसे एक माह पहले चुनाव कराना चाहिए था। भीषण गर्मी में चुनाव प्रचार करने वालो, मतदाताओं, चुनाव कराने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सभी को यातना झेलनी पड़ी। चुनाव की अवधि भी इतनी अधिक नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने सोलह

मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी। चुनाव प्रक्रिया लगभग ढाई माह तक चली। तापमान पचास डिग्री तक जा पहुंचा। भविष्य के लिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मई-जून में चुनाव न कराए जाएं। फिर भी जिन्होंने मतदान किया,उन्होंने लोकतन्त्र और संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त किया है। मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के लिए जनादेश दिया। यह बिना भेदभाव के कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को अपना समर्थन दिया। सरकार ने सबको लेकर चलने के महत्व को समझा। सबका साथ व सबका विकास पर अमल किया गया। इसके अनुरूप कार्य योजना बनाई गई। इनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। सबका साथ, सबका विकासह्व वस्तुतः डॉ आंबेडकर के विचारों की अभिव्यक्ति है। इस पर हुए अमल ने एक नया आयाम जोड़ा है। अब ह्यसबका साथ, सबका विकासह्व के साथ सबका विश्वास और सबका प्रयास भी जुड़ गया है। डॉ आंबेडकर की प्रतिष्ठा में सर्वाधिक कार्य वर्तमान केंद्र सरकार ने किए हैं। इसमें उनके जीवन से संबंधित स्थलों का भव्य निर्माण भी शामिल है। इसके साथ ही दलित वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ वंचित वर्ग को तक पहुंच रहा है।प्रधानमंत्री ने डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच स्थानों को भव्य स्मारक का रूप प्रदान किया। इसमे लंदन स्थित आवास, उनके जन्मस्थान,दीक्षा स्थल इंदुमिल मुम्बई और नई दिल्ली का अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान शामिल हैं। यह अपने ढंग का अद्भुत संस्थान है, जिसमें एक ही छत के नीचे डॉ आंबेडकर के जीवन को आधुनिक तकनीक के माध्यम से देखा-समझा जा सकता है। शासन में भी, बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की भावनाओं के अनुरूप भारत के निर्माण के लिए बिना भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया. तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की दिशा में प्रयास तेज हो चुके हैं. पांच सौ वर्षों का सपना साकार हुआ है. अयोध्या धाम में भव्य श्री राम मन्दिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं.कोरोना महामारी का प्रकोप रहा। इसने दुनिया के विकसित देशों को भी हिला कर रख दिया। सभी देशों की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ। इससे अभी संभलने का प्रयास चल रहा था, तभी रूस-यूक्रेन संकट सामने आ गया। इन सभी कारणों से पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ी है।विश्व की परिस्थितियां प्रतिकूल रही हैं। दुनिया का कोई देश इससे बचा नहीं है। फिर भी मोदी सरकार के प्रयासों से भारत की स्थिति संभली हुई है। किंतु भारत का विपक्ष नकारात्मक राजनीति से बाहर निकलने को तैयार नहीं है। निष्पक्षता के नाम पर नकारात्मक प्रचार करने वाले पत्रकार भी इसमें शामिल हैं। वह बता रहे थे कि महंगाई की दर सर्वाधिक है। किंतु उनके विश्लेषण में दुनिया की परिस्थिति शामिल नहीं है।यूपीए सरकार तेल उत्पादक देशों व कम्पनियों का कई लाख करोड़ रुपये का कर्ज छोड़ गई थी। इसकी भरपाई भी वर्तमान सरकार को करनी पड़ रही है। इन दस वर्षों में अनेक संवेदनशील समस्याओं का समाधान हुआ। यह सभी नरेंद्र मोदी सरकार के कारण ही संभव हुआ। यदि कोई अन्य सरकार होती तो इन मसलों पर चर्चा तक मुनासिब ना होती।सरकार का प्रत्येक निर्णय लोक कल्याण व राष्ट्रीय हित के अनुरूप है। प्रधानमंत्री मोदी ने दशकों से लंबित फैसलों को लागू किया। कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। मगर भारत की अर्थव्यवस्था अब भी विकास की राह पर है। बीस लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत पैकेज के सहारे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है तथा देश आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ा है।आजादी के बाद सात दशकों में देश के केवल साढ़े तीन करोड़ ग्रामीण घरों में ही पानी के कनेक्शन थे।सालों में भारत ने डिजिटल लेनदेन में दुनिया को नई दिशा दिखाने का काम किया है। रिकॉर्ड सैटेलाइट प्रक्षेपित किये जा रहे हैं। रिकॉर्ड सड़कें बनाई जा हैं। दशकों से लंबित अनेक योजनाएं पूरी की गई हैं। अनेक पुराने विवाद भी पूरी शांति और सौहार्द से सुलझाए गए हैं। पूर्वोत्तर से लेकर कश्मीर तक शांति और विकास का एक नया भरोसा जगा है। लेकिन नरेंद्र मोदी के शासन में साढ़े चार करोड़ घरों को साफ पानी कनेक्शन दिए गए हैं। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान लागू की गई। इसके दायरे में पचास करोड़ लोग हैं।सालों में भारत ने डिजिटल लेनदेन में दुनिया को नई दिशा दिखाने का काम किया है। रिकॉर्ड सैटेलाइट प्रक्षेपित किये जा रहे हैं। रिकॉर्ड सड़कें बनाई जा हैं।

भरतपुर में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक

बिजली की बढ़ती मांग के अनुरूप विद्युत तंत्र को बनाएं मजबूत : ऊर्जा मंत्री

➲ देरी से कार्य करने वाले संवेदकों की जिम्मेदारी होगी तय

चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण तंत्र को मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्युत तंत्र को सुढ़ढ करने के लिए अधिकारी भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए पुख्ता प्लान तैयार करें जिससे उपभोक्ताओं को सतत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने स्वीकृत ग्रिड सब स्टेशनों के कार्य में देरी को गंभीरता से लेते हुए समय पर कार्य नहीं करने वाले संवेदकों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री रविवार को भरतपुर में जयपुर विद्युत वितरण निगम के संभागीय मुख्य अभियंता कार्यालय में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। बैठक में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, वैर विधायक बहादुर सिंह कोली, बयाना विधायक रितु बानावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ऊर्जा विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार अधिकारी विद्युत उत्पादन, प्रसारण व वितरण तंत्र में सुधार लाते हुए आमजन को सरकार की मंशा के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति करना सुनिश्चित करें तथा आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर त्वरित समाधान करें। उन्होंने कहा कि डिमांड के अनुसार अधिकारी नए विद्युत सब स्टेशन निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर उन्हें समय पर पूरा करायें। उन्होंने आरडीएसएस योजना में सेग्रीगेशन कर नए फीडर प्रस्तावित करने तथा जो भी जीएसएस स्वीकृत हैं उनका काम निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी संवेदक समय पर काम पूरा नहीं करता हो उन्हें चिन्हित कर ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की जाये। साथ ही समय पर काम पूरा नहीं करने वाले संवेदकों को नये टेंडरों में भाग लेने से डिबार किया जाए।

अधिकारी बनें जवाबदेह-

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली आमजन से जुड़ी मूलभूत आवश्यकता है। ऐसे में अधिकारी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से संवाद बनाए रखकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि फील्ड में जो भी अधिकारी फोन नहीं उठाएंगे इसे गम्भीरता से लिया जाकर उन्हें चिन्हित कर नोटिस की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी नहीं है अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, पुराने हो चुके फीडरों को चिन्हित कर लोड बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय करें। उन्होंने नई विद्युत लाइन खड़ी करते समय पोल की गुणवत्ता की जांच के लिए समय-समय पर टीम भेजकर जांच करवाने तथा आंधी तूफान से प्रभावित क्षेत्रों में पोल गाडते समय सीसी एस्टीमेट का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोल अथवा विद्युत लाइन की कमी के कारण फाल्ट नहीं आना चाहिए तथा क्षेत्र में दुर्घटना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नवीन स्वीकृत जीएसएस के साथ-साथ वर्तमान में लोड के अनुसार फिजिबिलिटी चेक कर उत्पादन क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए।

सौर ऊर्जा को बढ़ावा दें-

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि किसानों एवं आम लोगों को कुसुम सी योजना में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए प्रेरित करें। योजना के क्रियानवयन में सरकार द्वारा जो भी सरलीकरण किया गया हैं उनका प्रचार प्रसार करें। सोलर पर विद्युत सब स्टेशन निर्भर रहेंगे तो आने वाले समय में किसानों एवं उपभोक्ताओं को दिन में पर्याप्त बिजली आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि किसान सोलर सिस्टम को अपनाएं। इसके लिए भी सरकार द्वारा उठाए गए सुधारात्मक कदमों की जानकारी उन्हें दें।

बीईएसएल के कार्यों की होगी ऑडिट, बनेगा कॉल सेंटर-

ऊर्जा मंत्री ने भरतपुर शहर में बार-बार विद्युत कटौती एवं भार के अनुसार विद्युत वितरण में सुधार नहीं करने पर भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि विद्युत की मांग के अनुसार आवश्यक संसाधनों का विस्तार करें। उन्होंने विद्युत निगम के अधिकारियों को फ्रेंचाइजी कम्पनी द्वारा पिछले 8 साल में वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए किए गए इन्वेस्ट की ऑडिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कॉल सेंटर की व्यवस्था को प्रभावी बनाएं उनके माध्यम से क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में व्यवधान की जानकारी मिलने पर समय पर दुरूस्त कराई जाये।

जनप्रतिनिधियों ने दिये सुझाव-

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि विद्युत व्यवस्था में लगे सभी कार्मिक आमजनता एवं जनप्रतिनिधियों का फोन उठाकर व्यवस्था में सुधार के प्रयास करें। उन्होंने क्षेत्र में स्वीकृत 33 केवी जीएसएस के कार्यों को गति प्रदान कर आम जन को निर्बाध विद्युत वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पुरानी लाइन है उन्हें दुरुस्त कराया जाकर रबी सीजन से पूर्व कार्य पूरा करें। उन्होंने मरम्मत योग्य ट्रांसफार्मर में आवश्यक सुधार के बाद संबंधित फर्म की जिम्मेदारी भी तय करने के निर्देश दिए जिससे बार-बार ट्रांसफार्मर खराब नहीं हो सके। उन्होंने भरतपुर में 100 की जगह 160 एमवीए के ट्रांसफार्मर रबी सीजन से पहले स्थापित करने का सुझाव दिया। वैर विधायक बहादुर सिंह कोली ने क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशनों के कार्य को समय पर पूरा करने, जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण करने का सुझाव दिया। विधायक बयाना रितु बानावत ने रुदावल में निर्माणाधीन 132 केवीजीएसएस को वर्तमान भार के अनुसार 220 केवीजीएसएस में किए जाने की मांग की। उन्होंने बयाना में सहायक अभियंता मीटर का नया पद सृजित करने तथा क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के समाधान के बारे में सुझाव दिये। मनोज भारद्वाज ने भरतपुर शहर की विद्युत सप्लाई व्यवस्था के बारे में बताया।इस अवसर पर जयपुर डिस्कॉम के निदेशक तकनीकी एसएस नेहरा, मुख्य अभियंता प्रसारण कमलेश कुमार मीणा, क्षेत्रीय मुख्य अभियंता उमेश गुप्ता, अधीक्षण अभियंता रामहेत मीणा सहित संभाग के सभी जिलों के अधीक्षण एवं अधिशाषी अभियंता, प्रसारण निगम के अभियंता उपस्थित रहे।

पुलिस ने किया महिला के अपहरण व हत्या की घटना का खुलासा

तलाक नहीं देने पर पति ने की परिवार व प्रेमिका के साथ मिल कर पत्नी की हत्या

➲ आरोपी भाई, प्रेमिका व चचेरी बहन गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त पिकअप जप्त

चमकता राजस्थान

जयपुर/चूरू (खलील कुरैशी)। चूरू जिले के तारानगर थाना क्षेत्र से एक विवाहिता को अगवा कर हत्या के बाद पहचान छुपाने लाश को बीकानेर के महाजन इलाका स्थित नहर में फेंकने के मामले का खुलासा कर पुलिस ने मृतका के पति के भाई, चचेरी बहन और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी जप्त कर ली है। घटना में शामिल पति व भांजे की पुलिस तलाश कर रही है।एसपी जय यादव ने बताया कि 5 जून को गोगटीया कच्छावतान निवासी परिवादी कानाराम ने थाना तारानगर पर रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसकी बहन कंचन का अपने पति दानाराम से पिछले काफी समय से मनमुटाव चल रहा है, इसके चलते वह हमारे पास गांव में ही रहती है। 1 जून को कंचन की ननद माया उनके घर आई और उसे अपने साथ ले गई। तब से ही उसकी बहन का कोई पता नहीं चल रहा है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी यादव ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए अति पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल व सीओ मीनाक्षी के सुपरविजन एवं एसएचओ गौरव खिड़िया व एएसआई सुमेर सिंह के नेतृत्व में दो अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए। इसी दौरान बीकानेर में लूणकरणसर पुलिस द्वारा महिला के हुलिए की एक डेड बॉडी नहर से निकाल कर मोर्चरी में रखे जाने की सूचना मिली। जिसे परिजनों ने कंचन की होना बताया आरोपियों की कॉल डिटेल के विश्लेषण के बाद गठित टीम द्वारा महिला के देवर कृष्ण कुमार उर्फ रामकिशन प्रजापत पुत्र मनरूप (30) निवासी वार्ड नंबर 5 थाना सरदारशहर व पति दानाराम की प्रेमिका कुमारी बसंती प्रजापत पुत्री धर्माराम (27) निवासी रामदेवरा थाना रतननगर को घटना में प्रयुक्त पिकअप सहित खंडवा-रामपुरा रोड से जबकि चचेरी बहन माया प्रजापत पत्नी रामनिवास (30) निवासी मेलूसर थाना भालेरी को उसके घर से डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

तीनों से पुलिस ने पूछताछ की जिसमें इन्होंने बताया कि दानाराम व उसकी पत्नी कंचन के बीच आपस में विवाद रहता था, जिसके चलते उसका कुमारी बसंती से अफेयर हो गया। दानाराम अपनी पत्नी कंचन को तलाक देकर बसंती से शादी करना चाह रहा था। मगर कंचन उसे तलाक नहीं दे रही थी। इसके चलते उसने अपने भाई कृष्ण कुमार, भांजे हितेश, प्रेमिका बसन्ती व चचेरी बहन माया के साथ मिलकर 1 जून को महिला को उसके पीहर से अगवा कर लिया।दानाराम ने अपनी चचेरी बहन माया को बीच रास्ते में उतार दिया। उसके बाद चारों आरोपी कंचन को सरदारशहर से आगे ले गये और पिकअप गाड़ी के पीछे डाले में ही गला घोंटकर हत्या कर दी। लाश की पहचान छुपाने के लिए कंचन के पहने हुए कपड़े बदलकर लाश को प्लास्टिक के कट्टे में डाला और महाजन जिला बीकानेर के पास नहर में फेंक दिया। पुलिस आरोपी पति धनाराम और उसके भांजे हितेश की तलाश कर रही है।

संक्षिप्त खबर

छापोली के लाल तूने कर दिया कमाल

छापोली के अंकित सैनी ने की नीट परीक्षा क्वलीफाई

चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)। कस्बे में नीट परीक्षा का परीक्षा परिणाम आने के बाद जहां कई छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है वहीं उदयपुरवाटी के निकटवर्ती गांव छापोली के लाल अंकित सैनी ने भी ऑल इंडिया नीट परीक्षा क्वलीफाई की है ' ध्यान रहे अंकित सैनी पुत्र किशोरी लाल सैनी निवासी छापोली पूर्व में किरोड़ी रोड पर स्थित एकता पब्लिक स्कूल का छात्र रहा है ' नीट परीक्षा पास करने पर जहां छात्रा के घर पर खुशी का माहौल है इस तरह किरोड़ी रोड पर स्थित एकता पब्लिक स्कूल में भी खुशी मनाई गई ' एकता पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष राव ईश्वर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खुशी हो रही है कि अंकित सैनी पुत्र किशोरी लाल सैनी ने नीट परीक्षा में 665/720 अंक प्राप्त किए हैं। वह हमारे स्कूल के पहले बैच में 10वीं कक्षा के छात्र थे।अंकित सैनी ने 2019-20 में एकता पब्लिक स्कूल से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने 94.60% अंक प्राप्त किए।स्कूल के चेयरमैन श्री राव ईश्वर सिंह और डायरेक्टर डॉ. संतोष सिरोही ने गौरवान्वित माता-पिता और अंकित को बधाई दी।डायरेक्टर डॉ. संतोष सिरोही ने बताया कि अंकित बहुत ही मेहनती छात्र था।स्कूल निदेशक डॉ. संतोष सिरोही ने बताया कि स्कूल विद्यार्थियों के बुनियादी एवं मौलिक विकास पर काम करता है।

शाकंभरी सकराय धाम में सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन 16 को



चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)। निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल शाकंभरी सकराय धाम में इसी महीने 16 जून को सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन का आयोजन किया जाएगा ' भूमि पूजन के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-जोर से चल रही है ' शाकंभरी सकराय धाम के संदीप रामूका के अनुसार कुलदेवी मां शाकंभरी के आशीर्वाद और प्रेरणा से आषाढ़ सुदी गुप्त नवरात्र के पावन अवसर पर मां शाकंभरी सेवा समिति, सकरायधाम (रजी) के तत्वाधान में निकटवर्ती धार्मिक स्थल सकरायधाम की पावन धरा पर मां शाकंभरी हवनात्मक सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 9 कुंडिय सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन 6 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक समिति के तत्वावधान में किया जाएगा, जिसके लिए 16 जून 2024 को भूमि पूजन का आयोजन किया जाएगा। सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन देश में शांति, सभी भक्तो की मनोकामनाओ को पूर्ण करने हेतु किया जा रहा है, यह महायज्ञ भाग्य उदय करने वाला है जिसकी लालिमा में सर्व विकार नष्ट होकर जीवन कांतिमय एवं ओजपूर्ण बनता है इस महायज्ञ के लिए समिति के द्वारा सभी तैयारीया शुरू कर दी गई है। समिति के कोषाध्यक्ष संदीप रामूका ने बताया कि आयोजन को लेकर मैया भक्तो और कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क किया जा रहा है।समिति ने सभी भक्तों से निवेदन किया है कि महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारे और महायज्ञ को और ज्यादा दिव्य और भव्य बनाए।

संयुक्त अभिभावक संघ ने किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के फैसले का स्वागत

कहा, वंचित वर्ग से ही सही राजस्थान सरकार ने केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा का फैसला लेकर सहारनीय कदम उठाया

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। राजस्थान सरकार ने बजट सत्र के दौरान घोषित मुख्यमंत्री किसान शिक्षा प्रोत्साहन योजना लागू करने की घोषणा की थी, जिसके तहत वंचित वर्ग के बच्चों को केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने की योजना बनाई गई थी, जिस पर राजस्थान सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फैसला लेते हुए योजना को 1 जुलाई से लागू करने की घोषणा की है, अभिभावकों के प्रमुख संगठन संयुक्त अभिभावक संघ ने इस घोषणा पर राजस्थान सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के फैसले का स्वागत करते हुए कहा की सरकार ने पहले वादा किया और अब उस वादे को निभाने का फैसला किया है जो बेहद सराहनीय कदम है, प्रदेश के 2 करोड़ से अधिक अभिभावक सरकार के फैसले का स्वागत करते है। प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा की संयुक्त अभिभावक संघ अभिभावकों और विद्यार्थियों के लिए विगत 4 वर्षों से सक्रियता से कार्य कर रहा है, तत्कालीन सरकार हो या वर्तमान सरकार दोनो सरकारों को लगातार ज्ञापन देकर प्रदेश के सभी वर्गों खासकर गरीब और असहाय वर्ग को निशुल्क शिक्षा देने की मांग की गई थी, तत्कालीन सरकार ने तो अभिभावकों और विद्यार्थियों के भविष्य की ओर नजर उठाकर नही देखा किंतु वर्तमान सरकार ने अपने पहले ही बजट सत्र में ना केवल अभिभावकों की तरफ देखा बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य को भी संवारने का कार्य किया। इस योजना से कम से कम वंचित वर्ग के अभिभावकों को बच्चो के भविष्य को संवारने का सपना साकार होगा और बच्चे इस योजना का लाभ लेकर ना केवल प्रदेश का नाम रोशन करेगे बल्कि दुनिया में देश का नाम भी रोशन करेगे। अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा की वंचित वर्ग को लेकर लाई गई इस योजना में जो आय सीमा 2.50 लाख रु वार्षिक रखी गई है उसे बढ़ाकर सरकार को 3.50 लाख रु वार्षिक करनी चाहिए जिससे वंचित वर्ग के अधिक से अधिक बच्चों को इस योजना का लाभ मिल सके। आजकल महंगाई के दौर में 5 लाख रु वार्षिक इनकम भी कम पढ़ जाती है, क्योंकि मकान का किराया, रसोई और रोजमर्रा की जरूरत में ही 2.50 से 3 लाख वार्षिक खर्च आसानी से हो जाता है, इसलिए राजस्थान सरकार को इस योजना को सफल बनाने और ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों और विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए इस योजना की आय सीमा कम से कम 3.50 लाख रु निर्धारित करनी चाहिए

तहसीलदार गंगधार ने नरेगा के कार्यो का किया औचक निरीक्षण

110 श्रमिको में से 67 उपस्थित मिलें

चमकता राजस्थान

चौहमला झालावाड़ (रमेश मोदी)। झालावाड़ जिले के गंगधार तहसीलदार ने रविवार को उन्हेल व किटिया गांव में चल रहे नरेगा कार्य का औचक निरीक्षक किया, निरीक्षण के दौरान श्रमिको की उपस्थिति कम मिली, तहसीलदार द्वारा विकास अधिकारी को कार्यवाही के लिखा गया। तहसीलदार गंगधार जतिन दिनकर ने रविवार समय सुबह उन्हेल नागेश्वर में चल रहे नरेगा चारागाह विकास एवम पौधारोपण कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान 39 मनरेगा श्रमिकों में से केवल 06 श्रमिक उपस्थित मिले जबकि पिछले दिनों में औसत उपस्तिथि 20 से अधिक है। मौके पर छाया की उचित व्यवस्था नहीं होने पर मेट को छाया पानी की उचित व्यवस्था करने को निर्देशित किया गया है। साथ ही तहसीलदार द्वारा ग्राम किटिया में नरेगा में चल रहे ग्रेवल सड़क मय पुलिया निर्माण, भुवान लाल बागरी के खेत से रेलवे नाले तक कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमे 110 मनरेगा श्रमिकों में से केवल 67 श्रमिक उपस्थित मिले जबकि पिछले दिनों में औसत उपस्तिथि 90 से अधिक है। मौके पर छाया की उचित व्यवस्था नहीं पाई गई, इस हेतु मेट को निर्देशित किया गया है। मनरेगा कार्य में श्रमिको की कम उपस्थिति को लेकर विकास अधिकारी डग को आवशयक कार्यवाही करने हेतु लिखा गया।

रामहेत कुशवाहा को मिली ऐतिहासिक महादेव सैपऊ मंदिर की रखरखाव और साफ सफाई समिति की जिम्मेदारी

चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)। सैपऊ उपखण्ड कि महादेव मंदिर परिसर में होने वाली सगाई और गोद भराई के कार्यक्रम अब मंदिर परिसर में होंगे निः शुल्क, नहीं लगेगा किसी भी प्रकार का शुल्क! सर्वसमाज एवं सर्व सहमति से लिया गया निर्णय हैसियत के अनुसार मंदिर परिसर में गोद भराई और सगाई के समय चढावा किया जायेगा, मंदिर समिति की तरफ से नहीं लिया जायेगा कोई शुल्क! सब कुछ रहेगा निः शुल्क और साफ सफाई का रखा जायेगा विशेष ध्यान आज जय भोले कुशवाहा विकास समिति, सैपऊ के तत्वावधान में महादेव मंदिर सैपऊ में सर्वसमाज हित को ध्यान में रखते हुए एक बैठक का आयोजन किया गया! इस बैठक में सर्वसमाज हित में ऐतिहासिक महादेव मंदिर के अंदर एवं मंदिर परिसर में क्षेत्रीय सर्वसमाज के युवक और युवतियों की होने वाली सगाई और गोद भराई जैसे कार्यक्रमों के अवसर पर मंदिर परिसर में होने वाली गंदगी और उसकी साफ सफाई की जिम्मेदारी के लिए एक समिति गठित की गई है!

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' का आयोजन आज

चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन 10 जून को चिकित्सा संस्थानो पर किया जायेगा। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की जायेगी। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि 9 जून का राजकीय अवकाश होने के कारण इस माह सोमवार, 10 जून को चिकित्सा संस्थानों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के आयोजन में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के बारे में बताते हुए पोषण युक्त आहार के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसमे गर्भवती महिलाओं के हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, लंबाई, एचआईवी, सिफलिश आदि जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता रहा है।

जिले में पेड़ों का कटान बेख़ौफ़ जारी, जिम्मेदार हुए मौन

वन विभाग ने बताया जिले में संचालित हैं 29 अवैध आरा मशीनें

प्रशासन द्वारा कार्यवाही के नाम पर शून्य

चमकता राजस्थान

धौलपुर (रामदास तरुण)। धौलपुर में इस साल गर्मी ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं! सोशल मीडिया पर पेड़ लगाने की सलाह मिल रहीं हैं, ऐसा नहीं हैं! कि धौलपुर क्षेत्र पेड़ रहित रहा हो या यहां रेगिस्तान हो या पेड़ो के कटान को रोकने के लिए वन विभाग न हो सब कुछ है! यहां पर मॉनिटरिंग ठीक नहीं हैं, माफिया से डर भी इसलिए धीरे धीरे ये क्षेत्र वृक्ष रहित होने की ओर बढ़ रहा है! तभी यहां हर वर्ष गर्मी अपना रिकार्ड तोड़ रही है।जिसके लिए अब धौलपुर जिले में अवैध आरा मशीनों को बंद कराने के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर के एडवोकेट राहुल सिंह जाट ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है! पत्र में लिखा है, कि धौलपुर जिले में दर्जनों अवैध आरा मशीन बिना लाइसेंस के संचालित है। लॉ के छात्रों ने आरटीआई के माध्यम से अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों की जानकारी कार्यालय उप वन संरक्षक अधिकारी से माँगी थी जिस पर कार्यालय उप वन संरक्षक अधिकारी ने दिनांक :- 6 दिसंबर 2023 को विभिन्न पत्र क्रमांक एफ सू0आ0/ उपसं/ 2023/ 3837 सत्यम, 6840 सचिन, 6842 सारांश, 6844 सुमन, 6845 पूजा, 6846 दिव्या, 6847 सोनम, 6848 विश्वयता, 6851 मयंक, 6855 राहुल, 6856 संध्या के नाम से जारी करके जानकारी उपलब्ध कराई। जिसमें लोक सूचना अधिकारी/ उप वन संरक्षक अधिकारी धौलपुर ने स्वयं यह स्वीकार किया है! कि धौलपुर जिले में 29 आरामशीन अवैध रूप से संचालित है! फिर भी अवैध आरा मशीनों पर अभी तक कोई विभागीय कार्यवाही नहीं की गई है।इसलिए संशय है! कि उक्त विभाग के अधिकारियो की मिलीभगत से ही अवैध रूप से आरा मशीन संचालित है। उक्त विभाग के अधिकारियों के द्वारा अवैध आरा मशीन संचालकों के खिलाफ कार्यवाही न करने से लकड़ी माफियाओं द्वारा दिन प्रतिदिन हरे वृक्षों की अवैध कटाई के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिससे प्रतिदिन लाखो की कीमत का अवैध कारोबार होता है। इससे क्षेत्र में हरियाली पर असर हो रहा है! और साथ ही धौलपुर में पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है।

जिला कलक्टर को भी भेजी जानकारी पर नतीजा सिफर

एडवोकेट राहुल जाट ने बताया है, उक्त विषय को लेकर पूर्व में दिनांकः- 02 अप्रैल 2024 को जिला कलक्टर धौलपुर को शिकायत कर चुका हूँ जिसमें अभी तक कोई विभागीय कार्यवाही नहीं की गई है! और ना ही आरा मशीन बन्द करायी गई है। वैसे धौलपुर में हरी लकड़ियों का कटान होना कोई नई बात नहीं है, बुजुर्ग बताते हैं! कि कभी डांग क्षेत्र हरे पेड़ो से इतना आच्छा लगता था! कि दिन में भी अंधेरा रहता था, अब लगभग स्थिति ये है, कि पूरे डांग क्षेत्र में कहीं भी छाव नहीं है! और शहरी इलाकों में बाग बगीचों का केवल नाम ही रह गया है, क्यूंकि वहां भी कॉलोनियां बस गई हैं लेकिन देखा जाए तो उक्त कॉलोनियां भी वृक्ष रहित हैं। अगर समय रहते पेड़ों की कटाई पर सख्ती से रोक नहीं लगायी गई तो वनों के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। वृक्षों के इस अंधाधुंध कटाई से जहां एक ओर वातावरण गर्म हो रहा है! वहीं प्रदूषण के कारण लोगों को श्वास, आंख, फेफड़ों व अन्य बीमारियों से ग्रसित होना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर जल स्त्रोत तेजी से घट रहे हैं।

एक नजर

जयपुर ग्रामीण के नवनिर्वाचित सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने उपराष्ट्रपति धनकड़ से करी शिष्टाचार आत्मीय मुलाकात,

- जयपुर ग्रामीण परिक्षेत्र के राजनैतिक,आर्थिक, सामाजिक एवं विकास के मुद्दों, समस्याओं से करवाया अवगत
- मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष सी. पी. जोशी का पुष्प गुच्छ भेंट कर किया अभिवादन

चमकता राजस्थान। मनोहरपुर। (खलील कुरैशी)। जयपुर ग्रामीण से नवनिर्वाचित सांसद राव राजेंद्र सिंह ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिलकर जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण और समसामयिक तार्किक विषयों पर परिचर्चा की। इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद सिंह ने उपराष्ट्रपति को प्रदेश के विभिन्न मुद्दों से अवगत करवाया। सिंह ने उपराष्ट्रपति को प्रदेश में बिजली व पेयजल व्यवस्था सहित विभिन्न भौगोलिक , राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और विकास के मुद्दों से भी अवगत करवाया। इसके साथ ही सांसद राव साहब ने बीकानेर हाउस में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर का पुष्पगुच्छ भेंट कर जोरदार अभिनंदन और आभार व्यक्त किया। इस दौरान जयपुर ग्रामीण लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद सिंह ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री की तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेकर बधाई प्रेषित करते कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र विकास के रूप में आगे बढ़ेगा वहीं विश्व पटल पर देश एक मजबूत राष्ट्र के रूप में बनकर विकास के नये आयामों को स्थापित करेगा। इस अवसर पर केंद्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश से भाग लेने वाले विभिन्न जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारी ने भी जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने पर सिंह का अभिवादन किया।

हिंडौन सिटी में 16 जून को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन,

- चौकी प्रभारी ने किया पोस्टर विमोचन

चमकता राजस्थान। हिंडौन (राजवीर सिंह) में भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में 16 जून को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा सामाजिक कार्यकर्ता एवं रक्तदाता पुष्पेन्द्र गारूवाल करई के बेटे यश गारूवाल के जन्मदिवस पर होने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का महू चौकी प्रभारी महेश कुमार मीना जी ने विमोचन किया। आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 16 जून रविवार सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।इस मौके पर कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह, नरेन्द्र कुमार, भाग्य सिंह, आकाश जगरवाल, रामोतार लहचोड़ा, पुष्पेन्द्र भंडारी आदि मौजूद रहे।

मालदा के मानिकचक में कांग्रेस कर्मी की हत्या, तृणमूल पर आरोप

कोलकाता। मालदा मानिकचक में चुनाव बाद हिंसा का शिकार एक कांग्रेस कार्यकर्ता हुआ है। घटना शनिवार रात मालदा के मानिकचक थाने के गोपालपुर ग्राम पंचायत के जेशराटोला इलाके में घटी। मृतक कांग्रेस कार्यकर्ता का नाम अकमल शेख है। हत्या का आरोप तृणमूल पर लगा है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार शाम स्थानीय बाजार से लौट रहा था। तभी बदमाशों ने उस पर धारदार हथियार से वार कर दिया। गंभीर हालत में उसे मालदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उनकी वहीं मृत्यु हो गई।

तीसरी बार मोदी के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

मोदी के शपथ समारोह के दौरान उनके वार्ड कार्यालय में भगवा अबीर की होली खेली जाएगी और साथ में इलाके में मिठाई वितरण किया जाएगा

एजेंसी

हुगली। अब से कुछ ही घंटे बाद नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। इसको लेकर पूरे देश में भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। हालांकि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी आशा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई। इस लोकसभा चुनाव में यहां भाजपा सिर्फ 12 सीटों पर ही सीमित रह गई। फिर भी मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण को लेकर बंगाल सहित हुगली जिले के कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रिषड़ा नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 की पार्षद शशि सिंह झा ने बताया कि मोदी के शपथ समारोह के दौरान उनके वार्ड कार्यालय में भगवा अबीर की होली खेली जाएगी और साथ में इलाके में मिठाई वितरण किया जाएगा। वहीं रिषड़ा नगर पालिका के वार्ड नंबर 10 के भाजपा पार्षद मनोज सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ समारोह को वह अपने कार्यालय के पास बड़े स्क्रीन पर दिखाएंगे और इलाके में लड्डू वितरण करेंगे साथ ही भगवा अबीर की होली भी खेली जाएगी। उत्तरपाड़ा नगर पालिका के 22 नंबर वार्ड के भाजपा नेता पंकज राय ने बताया कि हमारे यहां भी भगवा अबीर से होली खेली जाएगी और लोगों में मिठाई का वितरण किया जाएगा। इसके अन्य इलाकों में भी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार मोदी के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जबरदस्त तैयारी की गई थी।

रानीगंज के ज्वेलरी बाजार में लूट की कोशिश, फायरिंग

एजेंसी

आसनसोल। पश्चिम बर्दवान ज़िले के रानीगंज स्थित ज्वेलरी बाजार में रविवार दोपहर डकैती के प्रयास किए गए। इस दौरान गोलाबारी भी की गई। सूत्रों के अनुसार, रानीगंज ज्वेलरी शोरूम के सामने कुछ बदमाशों ने अचानक फायरिंग की। इस बीच किसी ने पुलिस को खबर कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो अपराधियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। अपराधी पुलिस पर फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गए। खबर लिखे जाने तक पता नहीं चल पाया कि क्या-क्या सामान गायब है। हालांकि, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक शख्स घायल हो गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह भी बदमाशों के गिरोह का है। घटनास्थल से काफी गोलियों के खोल बरामद किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रविवार दोपहर रानीगंज के प्रसिद्ध स्वर्ण बाजार में डकैती का प्रयास किया गया। बदमाशों ने अचानक हमला बोल दिया और फायरिंग की। जब सिक्योरिटी गार्ड ने उसे रोका तो बदमाशों ने उसकी बन्दूक जब्त कर ली।इस घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की खबर पाकर आसनसोल कमिश्नरेट की पुलिस पहुंची। घटना के बारे में डीसी ध्रुव दास ने कहा कि पुलिस ने अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है।

जमीन-माफियाओं ने प्रोफेसर पर किया हमला, बचाने के लिए गए पुलिस घायल

संवाददाता

कोलकाता। मुर्शिदाबाद के जंगीपुर कॉलेज के एक प्रोफेसर जब अपनी पुश्तैनी जमीन की पैमाइश करने गए थे तो उनके साथ मारपीट करने के आरोप में रविवार को रघुनाथगंज पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। घटना प्रसादपुर-दासपारा जंक्शन इलाके में हुई। प्रोफेसर को बचाने की कोशिश में रघुनाथगंज थाने के एक सब इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मी भी घायल हो गये। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक जंगीपुर कॉलेज में भूगोल के प्रोफेसर फराकुल इस्लाम की करीब साढ़े 9 बीघे कृषि भूमि पर माफिया ने जबरन कब्जा करने की कोशिश की। रविवार की सुबह प्रोफेसर पुलिस सुरक्षा के साथ अपनी पुश्तैनी जमीन की मापी करने गये थे। कथित तौर पर, स्थानीय जमी-माफिया तौसीफ अहमद, इलियास शेख, कालू शेख और अन्य के नेतृत्व में लगभग 30-40 बदमाशों ने प्रोफेसर पर हमला किया। उस वक्त इलाके में सुरक्षा की कमान संभाल रहे रघुनाथगंज थाने के कुछ पुलिसकर्मी जब उसे बचाने गए तो बदमाशों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया। जंगीपुर पुलिस जिला अधीक्षक आनंद रॉय ने कहा, 'इस घटना में शामिल होने के आरोप में पांच लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस पूरी घटना की जांच में जुट गई है। प्रोफेसर फराकुल इस्लाम ने कहा, 'प्रसादपुर दासपारा जंक्शन के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 से सटे इलाके में कुछ भू-माफिया मेरी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरी जमीन के आसपास उन माफियाओं ने स्थानीय किसानों को डरा-धमका कर करीब 800-900 बीघे जमीन जबरन खरीद ली है। लेकिन चूँकि मेरी जमीन बीच में है, इसलिए उनके लिए चौड़ी सड़क बनाना मुश्किल है।' उन्होंने यह भी कहा कि जमीन बेचने से इनकार करने के कारण हाल ही में कुछ माफियाओं ने उनकी लगभग एक बीघे जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया और उस पर सड़क का निर्माण कर दिया। घटना की सूचना 20 मई को जंगीपुर पुलिस अधीक्षक को लिखित रूप से दी गयी। इस दिन पुलिस सुरक्षा के साथ जमीन की मापी करने जाएं।

भड़के छात्रों ने सरकारी गाड़ी में लगायी आग

एजेंसी

अररिया। जोगबनी सीमा से सटे नेपाल के विराटनगर में गृह मंत्री रवि लामछाने सहित नेपाल के वरीय अधिकारियों के समक्ष रविवार को मोरंग बहुमुखी आदर्श कैंपस के विद्यार्थियों ने आधा दर्जन सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ गाड़ी आग के हवाले कर दिया। मोरंग जिला पुलिस प्रवक्ता डीएसपी ज्ञानेन्द्र बहादुर बस्नेत के अनुसार प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने नेपाल सरकार के योजना आयोग की सरकारी गाड़ी में आग लगा दी। वाहन में लगी आग को नियंत्रित करने में एक दमकल गाड़ी को लगाया गया, लेकिन गाड़ी जलकर पूरी तरह से नष्ट हो चुकी। वही विराटनगर के एक पार्टी पैलेस मे पार्किंग कर रखे गए 5 गाड़ियों में भी प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ की। पार्टी पैलेस में नेपाल विद्युत प्राधिकरण की ओर से आयोजित कार्यक्रम चल रहा था। पुलिस के अनुसार सरकारी गाड़ी मे आगजनी व तोडफोड करने वालों की खोज की जा रही है।कैंपस के विद्यार्थियों की ओर से यह प्रदर्शन रंगेली मे गिरफ्तार महेन्द्र मोरंग आदर्श बहुमुखी कैम्पस स्ववियु (स्वतन्त्र विद्यार्थी युनियन) व नेपाल विद्यार्थी संघ(नेविसंघ) के सदस्य दीपक यादव सहित अन्य प्रदर्शनकारियों की रिहाई की मांग को लेकर रविवार को विद्यार्थियों द्वारा यह प्रदर्शन किया गया।जिसके तहत गृह मंत्री के आगमन कार्यक्रम के दिन छात्र आंदोलित हो उठे और सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने लगे। स्थिति को नियन्त्रित करने के लिए जिला पुलिस कार्यालय मोरंग से डीएसपी वेदप्रकाश जोशी व वार्ड पुलिस कार्यालय विराटनगर से डीएसपी बुद्द श्रेष्ठ के नेतृत्व मे भारी संख्या में पुलिस बलों को तैनात किया गया है । मोरंग पुलिस प्रवक्ता डीएसपी ज्ञानेन्द्र बहादुर बस्नेत ने कहा कि सभी गाड़ी मे आगजनी तोडफोड करने वाले को पहचान किया जा रहा है। वही सरकारी गाडी मे आगजनी व तोडफोड के कारण का स्पष्ट पता नहीं चला है।उल्लेखनीय है कि रविवार और सोमवार को गृहमंत्रीरवि लामिछाने सहित नेपाल के सभी निकाय के सुरक्षा प्रमुख विराटनगर में हैं।विराटनगर मे हो रहे सुरक्षा गोष्ठी में भाग लेने के लिए सभी पहुंचे हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर आईईएम-यूईएम का कार्यशाला

संवाददाता

कोलकाता। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (आईईएम) ने हाल ही में यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी में एक स्मार्ट एआई (अक) और आईओटी कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों के लिए एक आकर्षक और समृद्ध अनुभव प्रदान किया, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के सबसे उन्नत क्षेत्रों की जानकारी दी गई। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों और पेशेवरों के पेशेवर और शैक्षणिक कौशल को समान रूप से बढ़ाना था। सिडनी भर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने एआई और आईओटी में नवीनतम प्रगति और अनुप्रयोगों पर अपने व्यापक ज्ञान और अंतर्दृष्टि को साझा करते हुए सत्र का नेतृत्व किया। इस कार्यशाला में शानदार कॉर्पोरेट पुरस्कार समारोह पर प्रकाश डाला गया, जहां सिडनी स्थित विभिन्न कंपनियों के प्रतिष्ठित कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाया, पुरस्कार विजेताओं द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्टता और नवाचार को मान्यता दी। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (आईईएम) इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ज्ञान को आगे बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। आधुनिक और नवीनतम अनुसंधान, शैक्षिक कार्यक्रमों और उद्योग भागीदारी के माध्यम से, आईईएम-यूईएम का लक्ष्य इंजीनियरिंग और प्रबंधन शिक्षा के भविष्य को आकार देना है।

आईईएम-यूईएम ग्रुप के निदेशक प्रोफेसर डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती ने कहा कि स्मार्ट एआई और आईओटी कार्यशाला और सिम्पोजियम एक जबरदस्त सफलता थी, और इससे इन परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों की गहरी समझ को बढ़ावा मिला।

दक्षिण के तीन जिलों में लू चलने की चेतावनी

कोलकाता। उत्तर में भारी बारिश, दक्षिण में दहन जारी। आम लोगों को नमी के कारण अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगले सप्ताह के मध्य तक असहनीय गर्मी जारी रहेगी। फिर हवा बदलने का अनुमान है। इस बीच, मौसम कार्यालय ने दक्षिण बंगाल के तीन जिलों में लू की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार से गुरुवार तक पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुरा और पश्चिम बर्दवान में लू चलेगी। झारग्राम, पुरुलिया, पूर्वी बर्दवान और बीरभूम में भी अत्यधिक असुविधा महसूस की जाएगी। कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के अन्य जिलों में गर्मी जारी रहेगी। गुरुवार से दक्षिण बंगाल में प्री-मॉनसून बारिश शुरू हो जाएगी। अगले सप्ताह के अंत तक दक्षिण पश्चिम मॉनसून के कोलकाता में प्रवेश की संभावना बढ़ जायेगी। गुरुवार को बारिश के बाद दक्षिण बंगाल में अनुकूल परिस्थितियां बन सकती हैं।

दिल्ली जा रहे हैं सुकांत, कौन संभालेगा बंगाल बीजेपी की जिम्मेदारी?

संवाददाता

कोलकाता । 2021 में दिलीप घोष की जगह सुकांत मजूमदार को बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। लेकिन इस बार बंगाल बीजेपी में सुकांत जमाना खत्म होने वाला है। रविवार को खबर आई है कि सुकान्त और शांतनु बंगाल से मोदी कैबिनेट में शामिल होने जा रहे हैं। बीजेपी के नियमों के मुताबिक सुकांत को यहां बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ना होगा। इस संदर्भ में बीजेपी नेता शमिक भट्टाचार्य ने कहा, यह पार्टी के संविधान के मुताबिक नियम है। हालांकि सुकांत मजूमदार कुछ समय के लिए राज्यसभा के पद पर रह सकते हैं, लेकिन मंत्री बनने के बाद वह ज्यादा समय तक इस पद पर नहीं रह पाएंगे।

दूसरे शब्दों में कहें तो बंगाल बीजेपी में एक नई पीढ़ी। सुकांत के मंत्री बनने की खबर सामने आने के बाद से संभावित प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष के नाम को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं। लिस्ट में शुभेंदु अधिकारी का नाम सामने आ रहा है, वहीं दूसरी ओर बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष का भी नाम सामने आ रहा है। क्योंकि, उन्होंने एक बार टीम का नेतृत्व किया था और उसे आगे बढ़ाया था।' इस बीच अगर शुवेंदु अधिकारी प्रदेश अध्यक्ष पद पर बैठते हैं तो नेता प्रतिपक्ष के पद पर कोई और व्यक्ति बैठेगा। सूत्रों के मुताबिक, दिलीप घोष को उनकी औसत में वापस लाया जा सकता है। चूंकि जून माल्या सांसद हैं, इसलिए उनके निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव होगा, जहां दिलीप घोष फिर से भाजपा के उम्मीदवार हो सकते हैं, ऐसी अटकलें भी भगवा खेमे में हैं।

आदर्श नगर थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस थाने की तत्परता ने किया पुलिस के इकबाल को बुलंद

अपहरण के चंद मिनटों में बंधक को सकुशल छुड़वाया

आदर्श नगर पुलिस टीम ने सूचना मिलने के तुरन्त बाद बदमाशों का पीछा कर बंधक को छुड़वाया

चमकता राजस्थान

पांच अपर्हताओं को किया गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त करा

जयपुर। (खलील कुरैशी) आदर्श नगर थाना पुलिस ने सुवक के साथ मारपीट और अपहरण के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है एवं अपहरण में उपयोग ली गई कार को जब्त कर लिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सागर देवकी नगर मोड पर आया था। इसी दौरान स्कार्पियों सवार 4-5 बदमाश आए और दोनों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद बदमाश उसके भाई महेश को अगवा कर ले गए।इस पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। तुरंत कार्रवाई करते हुए आशाराम चौधरी आर.पी.एस. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जयपुर पूर्व, लक्ष्मी सुधार सहायक पुलिस आयुक्त आदर्श नगर जयपुर पूर्व के निर्देशन एवं थानाधिकारी पुलिस थाना आदर्श नगर सुभाष चंद पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस कानोता निवासी सोनू शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि 8 जून को शाम पांच बजे वह अपने भाई के साथ गुरुद्वारा थाना आदर्श नगर पर एक विशेष पुलिस पुलिस टीम का गठन किया गया। थानाधिकारी पुलिस थाना आदर्श नग्र व उक्त गठित टीम द्वा-रा सूचना मिलने पर अविलम्ब घटना स्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित व्यक्ति से घटनाक्रम की जानकारी ली जाकर आरोपीगण के भागने के मार्ग का मालुमात किया कर जाकर तुरंत नाकाबंदी लगवाई एवं पीछा करते हुए गोपालपुरा मोड पुलिस चौकी के पास बंधक को मुक्त कराया गया एवं गाड़ी में सवार सभी पांचों आरोपीगण को डिटैन किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को दस्तयाब किया गया।

अगर हम यह कहें कि बनारस इतिहास, सभ्यता, मिथक और दंतकथाओं से भी पुराना है, तो यह गलत न होगा। वाराणसी को यह नाम यहां पर स्थित दो नदियों के कारण दिया गया, वरुण और असि

इतिहास से भी पुराना बनारस

यह कहना शायद मिथ्या होगी कि विश्व में ऐसा कोई हिन्दू है, जो कि उत्तरप्रदेश में गंगा नदी के पावन तट पर बसे काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी के बारे में नहीं जानता। वाराणसी के साथ ही साथ इसे बनारस और काशी के नाम से भी जाना जाता है, जो कि विश्व के प्राचीनतम नगरों में से एक है। अगर हम यह कहें कि बनारस इतिहास, सभ्यता, मिथक और दंतकथाओं से भी पुराना है, तो यह गलत न होगा। वाराणसी को यह नाम यहां पर स्थित दो नदियों के कारण दिया गया, वरुण और असि। यह दोनों नदियां काशी में गंगा में समाहित हो जाती है, जिस कारण से इसका नाम वाराणसी पड़ा। पुराणों के अनुसार काशी का निर्माण स्वयं भगवान षिव और देवी पार्वती के द्वारा किया गया था और इसीलिये इसे तीर्थों का तीर्थ समझा जाता है।

कहां ठहरें

होटल ताज गंगेज़, होटल सिद्धार्थ, होटल गौतम ग्रैंड, होटल इंडिया, प्रीति गेस्ट हाउस, अम्बिका लॉज, होटल मोती महल

कब जाएं

वैसे तो वाराणसी का मौसम हर समय सुहाना रहता है, लेकिन अगर आप वाराणसी जाना चाहते हैं, तो सबसे अच्छा समय सितंबर से मार्च को होगा, जब आप बारिश या गर्मी की समस्या के बिना आराम से पूरा नगर घूम सकते हैं।

कैसे पहुंचें

रेल द्वारा: वाराणसी भारतीय रेलवे का एक मुख्य स्टेशन है। भारत के कई प्रमुख नगरों से वाराणसी के लिये सीधी ट्रेनें उपलब्ध रहती है। इसके अतिरिक्त वाराणसी से मात्र 16 किमी की दूरी पर स्थित मुगलसराय एक अन्य निकटतम प्रमुख स्टेशन है, जो कि भारत का सबसे बड़ा रेलवे यार्ड है।

सड़क द्वारा: वाराणसी एनएच 2, एनएच 7 और एनएच 29 के द्वारा भारत के सभी प्रमुख नगरों से जुड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेष के सभी निकटतम प्रमुख नगरों से बस सेवा भी उपलब्ध रहती है। इसके अतिरिक्त आप निजी वाहन का प्रयोग भी कर सकते हैं।

वायुयान द्वारा: बाबतपुर एयरपोर्ट वाराणसी का प्रमुख एयरपोर्ट है, जो कि वाराणसी से 18 किमी की दूरी पर स्थित है।

बिड़ला मंदिर: बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के एक भाग के रूप में स्थित नए विश्वनाथ मंदिर को ही बिड़ला मंदिर कहते हैं। पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा योजनाबद्ध किये गये इस मंदिर का निर्माण भारत के अत्यंत प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने बिड़ला परिवार द्वारा करवाया गया था। इस मंदिर के द्वार हर धर्म के लोगों के लिये खुले हैं।

कालभैरव मंदिर: कालभैरव मंदिर मुख्य पोस्ट ऑफिस विश्वेश्वरगंज के पास स्थित एक प्राचीन मंदिर है। ऐसा कहा जाता है कि कालभैरव काशी के रखवाले हैं और उनकी आज्ञा के बिना कोई भी बनारस में ठहर नहीं सकता है। इसीलिये उन्हें वाराणसी का कोतवाल भी कहते हैं।

सारनाथ: वाराणसी से करीब 15 कि.मी. की दूरी पर स्थित सारनाथ भगवान बुद्ध को समर्पित है। सारनाथ बौद्ध धर्म का धार्मिक केन्द्र और चार तीर्थों में से एक है। बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति के बाद भगवान बुद्ध ने सारनाथ में ही अपने पांच शिष्यों को अपने पहले उपदेश दिये थे। सारनाथ में प्रवेश करते ही सबसे पहला महत्वपूर्ण स्थान चौखंडी स्तूप स्थित है, जिसका निर्माण सम्राट अशोक द्वारा करवाया गया था। धमेक स्तूप भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्तूप है और इसी के पास स्थित मूलगंध कुटि विहार भी स्थित है, जो कि एक बौद्ध मंदिर है। इसके अतिरिक्त सारनाथ में अन्य कई बौद्ध मंदिर भी है, जैसे कि चीनी मंदिर, तिब्बती मंदिर, जापानी मंदिर आदि। सारनाथ संग्रहालय भी सारनाथ के प्राचीन इतिहास का एक झरोखा देखने के लिये एक अच्छा स्थान है।

रामनगर: वाराणसी से मात्र 14 किमी की दूरी पर रामनगर स्थित है, जो कि रामनगर किले के लिये प्रसिद्ध है। गंगा नदी के किनारे इस किले का निर्माण सन् 1750 में वाराणसी के राजा के द्वारा करवाया गया था, लेकिन यह आज अपने संग्रहालय के लिये प्रसिद्ध है, जिसमें विंटेज कार, शाही पालकी, तलवारें, बंदूकें आदि सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त भी वाराणसी में कई अन्य महत्वपूर्ण स्थान है, जैसे कि अन्नपूर्णा मंदिर, भारत कला भवन, काशी विद्यापीठ, दुर्गा मंदिर, जैन मंदिर आदि।

क्यों देंखें

काशी विश्वनाथ: बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक काशी विश्वनाथ का मंदिर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में स्थित भगवान शिव के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर की प्राचीनता का अंदाजा लगाना तो आज भी संभव नहीं है क्योंकि इस मंदिर का वर्णन पुराणों में भी किया गया है। वैसे तो इस मंदिर को कई बार क्षतिग्रस्त किया गया और कई बार इसका पुनर्निर्माण भी करवाया गया, लेकिन वर्तमान मंदिर का निर्माण इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा सन् 1780 में करवाया गया था, जिसके बाद सन् 1835 में पंजाब के राजा महाराज रणजीत सिंह जी द्वारा इस मंदिर के गुंबदों पर करीब एक हजार किलोग्राम सोना लगवाया गया।

चौरासी घाट: पवित्र गंगा नदी के तट को कुल चौरासी घाटों में विभाजित किया गया है, जिनमें स्नान करके शुद्ध होने के बाद ही श्रद्धालु काशी विश्वनाथ के दर्शन को जाते हैं। वैसे तो लगभग सभी घाटों का कोई न कोई ऐतिहासिक महत्व है, लेकिन कुछ घाट ऐसे भी है, जो कि धार्मिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जैसे, काशी विश्वनाथ मंदिर के सबसे निकट स्थित दशाश्वमेध घाट के लिये माना जाता है कि यहां पर भगवान ब्रह्मा ने दस अश्वों की बलि दी थी। मणिकर्णिका घाट के लिये यह माना जाता है कि शिव के नृत्य करते समय यहीं पर उनके कान की मणि गिरी थी। हरिश्चन्द्र घाट के लिये यह किवदंती है कि इस घाट पर स्थित श्मशान पर ही राजा हरिश्चन्द्र काम किया करते थे। काशी का सबसे पहला घाट अस्सि घाट है और सबसे आखिरी आदि केशव घाट जिसे वेदेश्वर घाट भी कहते हैं। गंगा दशहरा के दिन यहां एक शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है, जो कि अस्सि घाट से वेदेश्वर घाट तक जाती है।

संकटमोचन मंदिर: काशी में असि नदी के किनारे रामभक्त हनुमान के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक संकटमोचन मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण गोस्वामी तुलसीदास के द्वारा करवाया गया था। हनुमान जी को संकटमोचन के नाम से भी जाना जाता है, जिसका अर्थ है सभी संकटों को हरने वाला। इस मंदिर को वानर मंदिर के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यहां पर कई मंदिर है, जिन्हें प्रसाद दिए बिना आपका मंदिर से बाहर जा पाना मुश्किल है।

भारत माता मंदिर: वाराणसी का भारत मंदिर भारत माता को समर्पित किया गया एक मंदिर है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कैंपस में स्थित इस मंदिर का निर्माण बाबू शिव प्रसाद गुप्ता जी के द्वारा करवाया गया था, जिसका उद्घाटन सन् 1936 में महात्मा गांधी के हाथों से हुआ था। इस मंदिर में संगमरमर का बना भारत का एक नक्काशीदार मानचित्र है।

तुलसी मानस मंदिर: तुलसी मानस मंदिर का निर्माण वाराणसी के नागरिकों द्वारा किया गया था। यह मंदिर मूलरूप से भगवान राम और उनके जीवनचरित्र को समर्पित है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण उसी स्थान पर करवाया गया है, जहां पर गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की थी। इस मंदिर में एक रामचरितमानस का वर्णन करती हुई एक विद्युत प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाता है।



एक नजर

शातिर चोर गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

कानपुर। चकेरी पुलिस ने चोरी करने वाले शातिर गैंग का खुलासा करते हुए रविवार को पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने 17,500 रुपये नगद और बैटरी चलित स्कूटी एवं पांच बोरियों में पैक पीतल के बर्तन बरामद किया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में कानपुर देहात के रामपुर थाना क्षेत्र के रमऊ गांव निवासी इरशाद, लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र स्थित गंगागंज सलीमपुर निवासी अजीम, फतेहपुर जनपद के किशुनपुर निवासी जावेद, सुल्तानपुर जनपद के लम्बुवा निवासी शफीक और फतेहपुर जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र के बड़े गांव मछरिया निवासी रमजान है। डीसीपी ने बताया कि, पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चकेरी थाने के निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय चोरी की वारदातों पर काबू पाने के लिए संदिग्धों की तलाश कर रहे थे।

दिल्ली के अस्पताल में भर्ती पूर्व राज्यपाल कोश्यारी से मिले मुख्यमंत्री धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नई दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचकर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से भेंट की। उन्होंने उनकी कुशलक्षेम पूछी और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर बताया, नई दिल्ली स्थित राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल पहुंचकर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी जी से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना।

निगम मानसून से पहले नालों की कर रहा सफाई

देहरादून। नगर निगम मानसून सीजन को देखते हुए शहर के मुख्य मार्ग में जगह-जगह बंद पड़ी नालियों की साफ-सफाई कर रहा है। जिससे बारिश के दौरान पानी की निकासी हो सके। अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल ने बताया कि मानसून को देखते हुए पिछले एक माह से जगह-जगह नालों एवं नालियों को साफ किया जा रहा है ताकि मानसून आते ही किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो सके। साथ ही अब निगम परिसर में जल्द एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। जिसे मानसून सीजन को देखते हुए एक्टिव मोड पर रखने की तैयारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समय रहते क्विक रिस्पांस मिल सके।

बिलासपुर में बुजुर्ग दंपति की हत्या

बिलासपुर। जिला बिलासपुर के बरमाणा में दोहरे मर्डर का एक मामला सामने आया है,जहां एक बुजुर्ग दंपति की हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि यह दंपति घर पर अकेला रहता था। दोनों के ही शव घर के साथ लगती गौशाला में खून से लथपथ मिले हैं। बिलासपुर के बरमाणा थाना के तहत ग्राम पंचायत सिकरोहा के चंदपुर गांव में एक बुजुर्ग दंपति की हत्या का मामला सामने आया है। सूचना मिलने के बाद भी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है।

बस और स्कूटी में टक्कर, एक की मौत

गुप्तकाशी। गुप्तकाशी के निकट मस्ता में बस की स्कूटी से टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग भेजा गया है। पुलिस बस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोनप्रयाग से विश्वनाथ सेवा बस हरिद्वार की ओर जा रही थी। मस्ता में एक स्कूटी को ओवरटेक करते समय स्कूटी बस की चपेट में गई। इससे स्कूटी सवार क्वीलाखाल निवासी खेमराज मैठाणी (65) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि स्कूटी चालक पवन सिंह (28) पुत्र उमेश सिंह घायल हो गया। पुलिस बस चालक हीरा सिंह से पूछताछ कर रही है।

मोबाइल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक आरोपित को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। थाना क्षेत्रांतर्गत हो रही मोबाइल चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने व आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी के लिए एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने कड़े निर्देश दिए थे। पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपित राहुल कुमार उम्र 21 वर्ष पुत्र वेदपाल निवासी हेतमपुर थाना सिडकुल, हरिद्वार को केविन केयर तिराहे से चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया।

न्यायपालिका में विश्वास एक लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला है : हाई कोर्ट

- असंगत न्यायिक आदेशों से आरोपितों के बीच हो सकता है भेदभाव
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित कानून के समक्ष समानता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है

प्रयागराज। एजेंसी

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अग्रिम जमानत के लिए एक आवेदन को स्वीकार करते हुए कहा है कि असंगत न्यायिक आदेशों से आरोपित व्यक्तियों के बीच भेदभाव हो सकता है। खासकर जब तथ्य और परिस्थितियां समान या एक समान हों। न्यायालय ने कहा कि इस तरह के असंगत आदेश न्यायिक प्रणाली की निष्पक्षता और अखंडता के बारे में जनता की धारणा को कमजोर करते हैं। यही नहीं हाई कोर्ट ने कहा कि न्यायिक कार्यों में भेदभाव करने वाला अधिकारी घोर कदाचार करता है। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकल पीठ ने अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर करते हुए कहा न्यायिक व्यवस्था नागरिकों के विश्वास पर टिकी हुई है। नागरिक और वादी उम्मीद करते हैं कि उन्हें न्यायिक आदेश दिए जाएंगे जो कानून और निष्पक्ष प्रक्रिया का पालन करते हैं। असंगत न्यायिक आदेश आरोपित व्यक्तियों के बीच भेदभाव को जन्म दे सकता हैं। खासकर जब तथ्य और परिस्थितियां समान या एक जैसी हों। हाई कोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका में विश्वास एक लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला है। जब नागरिक अपनी शिकायतें अदालत में लाते हैं, तो उन्हें भरोसा होता है कि न्यायपालिका निष्पक्ष और लगातार न्याय करेगी। यह भरोसा तब खत्म हो जाता है जब न्यायिक आदेश असंगत होते हैं, जिससे पक्षपात या पक्षपात की भावना पैदा होती है। असंगत आदेशों के परिणामस्वरूप समान स्थिति वाले व्यक्तियों के साथ असमान व्यवहार हो सकता है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित कानून के समक्ष समानता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है। इस तरह का भेदभाव न केवल सीधे प्रभावित व्यक्तियों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि न्यायिक प्रणाली की निष्पक्षता और अखंडता के बारे में जनता की धारणा को भी कमजोर करता है।

वर्तमान मामले में, ट्रायल कोर्ट ने आवेदक अभिषेक यादव उर्फ लालू की अग्रिम जमानत को खारिज कर दी थी। हालांकि बीस दिन पहले सह-आरोपित को अग्रिम जमानत के लिए आवेदन मंजूर कर ली गई थी। आवेदक का नाम दर्ज एफआईआर में भी नहीं था और आवेदक अभिषेक यादव के खिलाफ आरोप वही था जो सह-आरोपित के खिलाफ था। जिसका नाम आवेदक की तरह एफआईआर में नहीं था। इसलिए, आवेदक ने भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 323, 336, 308, 504 और 506 के तहत गोपीगंज, भदोही में दर्ज केस में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी।

न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित असंगत जमानत आदेशों के घटनाक्रम पर गौर किया और कहा यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि न्यायिक घोषणाएं सुसंगत होनी चाहिए। न्यायिक कार्यवाही में सुसंगतता का मुद्दा सीधे तौर पर निष्पक्षता और निष्पक्ष प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। न्यायिक कार्यवाही की निष्पक्षता वादियों के विश्वास के लिए महत्वपूर्ण है।

आपराधिक कार्यवाही व्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए राज्य की कार्रवाई को चुनौती देती है। एक बार जब संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाती है, तो यह आवश्यक है कि अदालतें वादियों को असंगत आदेशों के अधीन न करें। न्यायालय ने कहा कि न्यायिक अधिकारी द्वारा किया गया यह घोर कदाचार है, जो न्यायिक कार्यों में भेदभावपूर्ण व्यवहार के रूप में प्रकट होता है।

चुनाव में कट्टरपंथियों को विदेशी फंडिंग का ऑडियो वायरल

चंडीगढ़। पंजाब के फरीदकोट लोकसभा हलके से निर्दलीय सांसद बने कट्टरपंथी सरबजीत सिंह खालसा को चुनाव में विदेशी फंडिंग का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। ऑडियो में कट्टरपंथी अमृतपाल तथा अकाली दल अमृतसर प्रधान सिमरनजीत सिंह मान का भी नाम है। यह ऑडियो वायरल होने के बाद पंजाब में इस बात को लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि पंजाब में चुनाव जीतने वाले दो कट्टरपंथियों को मिले फंड की जांच होनी चाहिए। सरबजीत सिंह खालसा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह के बेटे हैं। इसके आलावा अमृतपाल सिंह देशद्रोह के मामले में असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं।वायरल हो रही ऑडियो में कथित तौर पर सांसद सरबजीत सिंह खालसा वर्ष 2027 में पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए अधिक से अधिक फंड मुहैया करवाने की बात कही है, ताकि बादल परिवार को पंजाब की राजनीति से बाहर किया जा सके। इस ऑडियो में खालसा को अमेरिका के एक व्यक्ति के साथ बातचीत करते हुए सुना जा सकता है। उक्त व्यक्ति खालसा को बताता है कि उसके पास 1.33 लाख डॉलर का फंड एकत्र हो चुका है, जिसे वह कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह, पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह को देना चाहता है।

रामनाम की नौका से संसार रूपी भवसागर हो जाता है पार : डॉ वेदांती

हरिद्वार। एजेंसी

हिंदू धाम संस्थापक एवं वशिष्ठ भवन पीठाधीश्वर महंत ब्रह्मर्षि डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने कहा कि रामकथा सुनने से जिंदगी का बेड़ा पार हो जाता है और प्राणियों का उद्धार होता है। जो लोग इस संसार रूपी भवसागर से पार पाना चाहते हैं, उसके लिए सिर्फ राम नाम की नौका काफी है। बस एक बार आप भगवान के नाम पर विश्वास करके देखिए, प्रभु श्री राम आपको हर दुखों से पार कर देंगे।

हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में चल रही संगीतमयी श्रीमद् बाल्मीकिय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान राम-जानकी विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता सीता और प्रभु राम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कथा व्यास डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने भजनों के माध्यम से सीता-राम विवाह का सुंदर चित्रण कर लोगों के मन मस्तिष्क को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने कथा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि अहिल्या उद्धार के बाद राम जनकपुर की सीमा पर पहुंचे। तब विश्वामित्र को सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ का समाचार मिला। विश्वामित्र श्रीराम और लक्ष्मण को लेकर जनकपुर पहुंचे। राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा था। उनके विशालकाय धनुष को कोई भी उठाने की क्षमता नहीं रखता था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते समय धनुष को उठाकर दूसरी जगह रखा। इसे देखकर जनक आश्चर्यचकित हुए, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का स्वयंवर होगा। स्वयंवर की निर्धारित तिथि पर सभी देश के राजा और महाराजाओं को आमंत्रित किया गया। धनुष को उठाने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्रीराम ने धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। धनुष टूटने का प्रसंग टूटते ही पंडाल में जय श्री राम के जयघोष लगे। स्वयंवर में भगवान राम ने शिव धनुष को तोड़ा और सीता ने उन्हें अपने पति के रूप में चुना। स्वयंवर के करीब एक माह के उपरांत राजा दशरथ के बारात लेकर जनकपुर पहुंचने राम-सीता का विधिवत विवाह हुआ।

अकाली नेता मजीठिया को एसआईटी का समन

चंडीगढ़। पंजाब में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया संपन्न होते ही पुलिस ने अकाली नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया पर शिकंजा कस दिया है। ड्रग्स तस्करी मामले की जांच कर रही एसआईटी ने बिक्रमजीत सिंह मजीठिया को 18 जून को पेश होने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। पूछताछ के लिए उन्हें पटियाला पुलिस लाइन में पेश होना पड़ेगा। पुलिस ने मजीठिया के खिलाफ यह मामला कांग्रेस सरकार के समय 3 साल पहले 20 दिसंबर, 2021 को दर्ज किया था। इसके बाद उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। 5 महीने जेल में बिताने के बाद मजीठिया को 10 अगस्त, 2022 को जमानत मिल गई थी। मजीठिया का कहना है कि जिस मामले में वे जेल रह कर आए हैं, उसमें अभी तक कोई चार्जशीट ही दायर नहीं हुई है। इस मामले में उनसे कोई रिकवरी भी नहीं हुई है। पटियाला रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर इस मामले की जांच कर रहे हैं। इससे पहले मार्च माह के दौरान मजीठिया से पूछताछ की गई थी। लोकसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के कारण यह पूछताछ बीच में ही रूकी हुई थी।

प्रधानमंत्री मोदी के शासन में देश की दिशा और दशा बदली : कंवर

यमुनानगर। एजेंसी

देश की तरक्की और खुशहाली के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की सफलता के लिए जगाधरी विधानसभा के प्रताप नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस महायज्ञ में भाग लेते हुए हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हमारा आर्य समाज बहुत पुराना और धार्मिक नीतियों में विश्वास रखने वाला समाज है। यह हम सभी देशवासियों के लिए खुशी की बात है कि नरेन्द्र मोदी आज अपने तीसरे कार्यकाल के लिए देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश नरेन्द्र मोदी को प्यार करता है और देश की जनता यह बखूबी जानती है कि जब तक देश की बागडोर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से 2024 तक के अपने कार्यकाल में सबका साथ सबका विकास नीति पर चलकर पूरे देश में समान रूप से विकास कार्य करवाए। इसीलिए हमारी मनोकामना है नरेन्द्र मोदी इसी तरह तीसरी बार प्रधान मंत्री देश का नेतृत्व करें और विकसित भारत का जो संकल्प उन्होंने लिया है वह अवश्य पूरा हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में देश की दशा व दिशा पूर्ण रूप से बदली है और देश ने उन्नति के शिखर को छुआ है। इसीलिए आर्य समाज मंदिर प्रताप नगर में आज हवन यज्ञ किया गया। इस मौके पर आर्य समाज मंदिर प्रताप नगर कमेटी के सदस्यों और प्रताप नगर के लोगों ने भाग लेकर महायज्ञ में आहुतियां डाली।

डीआईजी नैथानी ने किया बीएड परीक्षा नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण

झांसी। एजेंसी

डीआईजी झांसी परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने रविवार को दो पालियों में आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 के परीक्षा केंद्र और कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और वहां उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इंटेलिजेंस और सुरक्षा एजेंसियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए।

उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा प्रदेश के कुल 51 जनपदों में 470 परीक्षा केद्रों पर 9 जून 2024 को दो पाली में आयोजित किया गया है। इसमें प्रथम पाली सुबह 9:00 बजे से 12:00 तक एवं द्वितीय पाली 2:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित हो रही है। इस परीक्षा के लिए कुल 223384 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। कुलपति प्रो. मुकेश पांडेय ने यह भी बताया था कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के द्वारा बुन्देलखण्ड विश्विद्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष के द्वारा सभी केन्द्रों को नियंत्रित किया जा रहा है। झांसी और जालौन में बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 के लिए चार-चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां प्रोटोकॉल के अनुसार पुलिस बल तैनात किया गया है।

बच्चे कठिन परिश्रम कर आगे बढ़ें, माता-पिता व गुरुजनों का नाम करें रोशन : सुजीत मौर्या

वाराणसी। एजेंसी

भाजपा नेता सुजीत मौर्या ने रविवार को मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित बच्चों में बेल्ट व प्रमाणपत्र वितरित किया। विश्वकर्मा मार्शल आर्ट के बैनर तले दानियालपुर,सोना तालाब में आयोजित कार्यक्रम में किशोरवय मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों का मौर्या ने जमकर उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर सुजीत मौर्य ने कहा कि खेल में कठिन परिश्रम कर आगे बढ़ने के साथ ही अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करें। मोदी लगातार बेटियों को आगे बढ़ने के लिए कई योजनाएं चला रहे हैं। जनकल्याण कारी योजना से समाज के कमजोर तबकों से लेकर विभिन्न वर्गो का विकास कर रहे हैं। केन्द्र सरकार की खिलाड़ियों से जुड़ी योजनाओं का उल्लेख कर मौर्य ने कहा कि आप सभी इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन में निरंतर प्रगति करें।

इसके पहले संस्था की सीनियर खिलाड़ी अनुश्री और साधना गुप्ता ने सुजीत मौर्य सहित अन्य अतिथियों को तिलक लगाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। संस्था के संस्थापक रमा शंकर विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गोविंद विश्वकर्मा ने अंगवस्त्र और स्मृति चिंह देकर अतिथियों का अभिनंदन किया। रमाशंकर विश्वकर्मा ने संस्था के उद्देश्य को बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 1 लाख 51 हजार बेटियों को निःशुल्क सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण विभिन्न विद्यालयों व स्वयं अपनी संस्था में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के पश्चात 20 खिलाड़ियों को बेल्ट व प्रमाणपत्र दिया गया। कार्यक्रम में धीरज यादव,प्रेस छायाकार विवेक विश्वकर्मा, शिक्षिका वंदना विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया गया।

लोगों की शिकायतें सुनें पंजाब पुलिस के सभी अधिकारी : डीआईजी

चंडीगढ़। पंजाब के लोगों की पुलिस थानों में सुनवाई नहीं होने की शिकायतों के बाद पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने राज्य के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह रोजाना सुबह 11 बजे से 1 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों में बैठकर लोगों की शिकायतें सुनें। एक बजे के बाद ही वह फील्ड में निकलें। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को ट्वीट करके कहा कि लोगों की शिकायतों के तुरंत निपटान के लिए जरूरी है कि अधिकारी अपने दैनिक समय में कुछ घंटे जनता के लिए निकालें और उनकी शिकायतों का तुरंत प्रभाव से निपटारा करें। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे राज्य के दौरे किए थे। वह प्रत्येक विधानसभा हलके व गांव तक पहुंच थे। इस दौरान सीएम को कई सुझाव व शिकायतें मिली थी। डीजीपी की तरफ से जारी यह आदेश सभी रेंज के एडीजीपी, आईजीपी, डीआईजी, पुलिस आयुक्तों, जिला एसएसपी, उपमंडल डीएसपी और एसएचओ पर लागू होंगे।

पर्यटक

सैलानी बड़ी तादाद में हिमाचल प्रदेश की ठंडी वादियों का रुख कर रहे हैं

शिमला की वादियों में उमड़े पर्यटक, 90 फीसदी होटल पैक

शिमला। एजेंसी

- चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाइवे पर शोघी से शिमला तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं

मैदानी राज्यों में पड़ रही भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए सैलानी बड़ी तादाद में हिमाचल प्रदेश की ठंडी वादियों का रुख कर रहे हैं। पर्यटन सीजन में पहली बार भारी संख्या में पर्यटक उमड़े हैं। इस कारण शिमला, मनाली, डल्हौजी, धर्मशाला और चायल के होटल पैक हो गए हैं। शिमला में पर्यटकों के उमड़ने से कारोबारी उत्साहित हैं। शिमला में 90 फीसदी छोटे-बड़े होटल सैलानियों से भरे हैं। आलम यह है कि शहरों के होटलों में कमरे न मिलने से सैलानियों को शहर से सटे बाहरी क्षेत्रों में कमरे लेने पड़ रहे हैं। कई पर्यटक अपने वाहनों में सोने को मजबूर है। इस पूरे महीने शिमला समेत प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों में भारी संख्या में सैलानियों के उमड़ने को उम्मीद है। सैलानियों की भारी भीड़ से पर्यटन स्थलों पर व्यवस्थाओं को पोल भी खुल गई है। शिमला में पर्यटकों के उमड़ने से रोजाना लम्बा ट्रैफिक जाम लग रहा है। शहर के प्रवेश द्वारों वाली सड़कों पर 3 से 4 किलोमीटर का सफर एक घण्टे में पूरा हो रहा है। शनिवार देर शाम तक चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाइवे पर शोघी से शिमला तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। शिमला शहर की सभी पार्किंग पर्यटक वाहनों से भर गई हैं।

टूटीकंडी क्रॉसिंग से पुराना बस अड्डा, विक्ट्री टनल से लक्कड़ बजार, ऑकलैंड टनल, पुराना बस अड्डा-कार्टरोड और टॉलैंड राड़क पर लोगों को जाम से भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कालका से शिमला आने वाली सभी ट्रेनें पैक होकर आ रही हैं। शिमला होटल एंड रेस्टॉरेंट्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रिंस कुकरेजा ने बताया कि इस वीक एंड पर शहर के होटलों में 90 फीसदी कमरे पर्यटकों से भरे हैं। वहीं ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद ने कहा कि वीकेंड पर हिमाचल में पर्यटकों को संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है और यह यहां के पर्यटन कारोबार के लिए अच्छा है।

शिमला से सटे पर्यटन स्थलों कुफरी, मशोबरा, फागू, नालदेहरा का भी सैलानी रुख कर रहे हैं। यहां के ऐतिहासिक माल रोड और रिज मैदान पर शाम के समय सैलानियों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

नेमावर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का किया जाएगा जिर्णोद्धार : डॉ. यादव

भोपाल। एजेंसी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को देवास जिले के नेमावर में ₹जल-गंगा संवर्धन अभियान₹ कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नर्मदा नदी पर पूजा-अर्चना करने के पश्चात घाट पर साफ-सफाई की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां के ऐतिहासिक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 05 जून से 16 जून गंगा दशहरा तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

इसमें नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए कार्य किया जा रहा है तथा उनकी साफ-सफाई गहरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। विधायक आशीष गोविंद शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर महंत राम स्वरूप शास्त्री महाराज, महंत विठ्ठलदास महाराज, महंत भगवत दास महाराज, नगर परिषद अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास जिले में लगभग 05 करोड़ 65 लाख रुपए की राशि से लगभग 3078 जल संरचनाओं के जीर्णोद्वार के कार्य किए जा रहे हैं।

भारत-यूएसए का मुकाबला 12 को

नई दिल्ली। एजेंसी

मेजबान अमेरिका ने टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हराकर तहलका मचा दिया है। अमेरिका की इस विश्व कप में यह दूसरी जीत है। इससे पहले उसने कनाडा को हराकर इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत जीत से की थी। ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, कनाडा, आयरलैंड और अमेरिका की टीमें हैं। सुपर ओवर में पाकिस्तान को हराने वाली अमेरिकी टीम से भारत को होशियार रहना होगा। उसके खिलाड़ी फॉर्म में हैं और दबाव वाले क्षण में बिखरने के बजाए एकजुट रहते हैं। भारत और अमेरिका का विश्व कप के 25वें मैच में आमना सामना होगा। यह मुकाबला 12 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। अमेरिका ने टी20 विश्व कप में अभी तक दो मैचों में जीत दर्ज की है वह सिर्फ महज एक संयोग नहीं है। टीम ने दमदार खेल खेला है। अमेरिका की टीम में भारत, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका मूल के खिलाड़ी खेल रहे हैं। इनमें से कई ऐसे हैं जो अकेले दम पर मैच को पलटने का दम रखते हैं। अमेरिका ने टी20 विश्व कप में आने से पहले टी20 द्विपक्षीय सीरीज में बांग्लादेश को 2-1 से हराया था। अब टी20 विश्व कप में अमेरिका की टक्कर भारत से होने वाली है। अमेरिकी टीम ने कनाडा के खिलाफ रिकॉर्ड 94 रन बनाने वाले एरोन जोंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था जबकि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले कप्तान मोनांक पटेल को यह अवॉर्ड दिया गया।

मोनांक पटेल के नाम 27 टी20 में 507 रन दर्ज हैं

अमेरका के ओपनर स्टीवन टेलर 26 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। उनके नाम 754 रन दर्ज हैं। वह एक शतक और चार अर्धशतक जड़ चुके हैं। मोनांक पटेल के नाम 27 टी20 में 507 रन दर्ज हैं जिसमें तीन फिफ्टी शामिल हैं। साउथ अफ्रीकी मूल के एंड्रीज गॉस आठ मैचों में 261 रन बनाए हैं जिसमें तीन अर्धशतक हैं। वहीं मिडिल ऑर्डर में एरोन जोंस हैं। जोंस 28 मैचों में 514 रन बना चुके हैं। बॉलिंग में अमेरिका के पास सौरभ नेत्रवलकर के रूप में शारदार गेंदबाज है जो 29 विकेट टी20 में ले चुके हैं। अली खान के पास 10 मैचों में खेलने का अनुभव है जो 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। भारतीय मूल के हरमीत सिंह अपनी स्पिन गेंदबाजी से 8 मैचों में 7 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम को अमेरिका के साथ रणनीति के तहत खेलना होगा क्योंकि यह टीम उलटफेर करने में माहिर है।

टी20 विश्व कप : बांग्लादेश को हराने के इरादे से उतरेगी दक्षिण अफ्रीका की टीम

न्यूयार्क। एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका की टीम सोमवार को होने वाले टी20 विश्व कप क्रिकेट मुकाबले में बांग्लादेश को हराकर अपनी लय बनाये रखने उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक ग्रुप डी में अपने शुरूआती दोनो मैच जीते हैं , ऐसे में उसका लक्ष्य यहां भी जीत हासिल करना रहेगा। इस मुकाबले में हालांकि दोनों ही टीमों के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर खेलना आसान नहीं होगा। अब तक इस पिच पर कोई भी टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी है।

दक्षिण अफ्रीकी टीम ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं, ऐसे में उसके लिए इस पिच पर खेलना बांग्लादेश के मुकाबले आसान रहेगा। बांग्लादेश ने इस मैदान पर एकमात्र अभ्यास मैच भारत से खेला था जिससे उसे करारी हार मिली थी जिससे उसका मनोबल कमजोर रहेगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए भी ये मुकाबला आसान नहीं है। इसका कारण है कि उससे नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले जीते हैं पर उसके बल्लेबाजों को यहां रन बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए राहत की बात ये है कि उसके गेंदबाजों ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में बांग्लादेशी बल्लेबाजों के लिए इस गेंदबाजों का सामना करना कठिन होगा। दक्षिण अफ्रीकी टीम में एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, मार्को यानसन और ओटनील बार्टमेन जैसे तेज गेंदबाजों के साथ ही केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर भी है।

दक्षिण अफ्रीका की चिंता हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का अब तक रन नहीं बनाना रहा है। डच टीम के खिलाफ हुए मुकाबले में उसकी टीम पहले 10 ओवरों में केवल 33 रन बना पाई थी। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर की साझेदारी के कारण ही वह हार से बची। दक्षिण अफ्रीका के अभी दो मैच में चार अंक हैं और बांग्लादेश के खिलाफ जीत से सुपर 8 में जगह बनाने में उसे आसानी होगी।

वहीं आंकड़ों पर नजर डाले तो दक्षिण अफ्रीका की टीम अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश से कोई मैच नहीं हारी है। बांग्लादेश ने इस टूर्नामेंट में श्रीलंका को हराया है और इसी से प्रेरणा लेकर वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी पर जीत के लिए उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना रहेगा। भारत के खिलाफ अभ्यास मैच के साथ ही श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में भी उसे बल्लेबाजों को रनों के लिए खासा संघर्ष करना पड़ा था। बांग्लादेश की ओर से बल्लेबाजी में केवल लिटन दास ही कुछ हद तक रन बना पाये थे।

बांग्लादेश को इस मुकाबले में जीत दर्ज करनी है तो उसके सभी बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बांग्लादेश के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अब तक के हुए मुकाबलों में लय में नहीं दिखे। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक रहेगा।

- दोनों ही टीमों के लिए क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर खेलना आसान नहीं होगा
- अब तक इस पिच पर कोई भी टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी है
- तेज गेंदबाजों के साथ ही केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर भी है

द. अफ्रीका और बांग्लादेश की टीमें इस प्रकार हैं

दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब। यात्रा करने वाले रिजर्व: अफीफ हुसैन, हसन महमूद।

एक नजर

मैदान में बल्लेबाजों को परेशान करने में बहुत मजा आता है: सौरभ नेत्रवलकर

नई दिल्ली। अमेरिका की पाकिस्तान पर जीत में भारतीय मूल के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने अहम रोल निभाया है। सौरभ ने सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी कर अमेरिका को जीत दिलाई। सौरभ भारत की ओर से अंडर 19 वर्ल्ड कप खेल चुका है। सौरभ का कहा कि उन्हें मैदान के बाहर कोडिंग करने और मैदान के अंदर बल्लेबाजों को परेशान करने में बहुत मजा आता है। अमेरका ने पाकिस्तान को हराकर विश्व कप में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने सुपर ओवर में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को लक्ष्य छूने नही दिया जिससे अमेरिका टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर करने में सफल रही। इससे सौरभ चर्चा का विषय बन गए। सौरभ ने कहा कि यह केवल एक मैच था जिसमें हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमारा ध्यान अगले मैच पर है और सच कहूं तो अमेरिका की टीम में शामिल सभी खिलाड़ी अपनी उपलब्धियां को आत्मसात करने की कोशिश कर रहे हैं।

खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी खिलाड़ियों को बधाई

भोपाल। म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी ग्राम गौरा भोपाल में 22वीं सुरेन्द्र सिंह मैमोरियल शूटिंग चौम्पियनशिप का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय रायफल महासंघ, नई दिल्ली के तकनीकी सहयोग से किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के खिलाडियों ने 01 रजत और 02 कांस्य सहित 03 पदक अर्जित किये। प्रतियोगिता में 08.06.2024 को म.प्र. की खिलाडी कु. सुनिधि चौहान ने 50 मी. रायफल प्रोन-वूमेन स्पर्धा में 01 कांस्य पदक, एवं 50 मी. रायफल प्रोन जूनियर वूमेन स्पर्धा में कु. नुपुर कुमरावत ने 01 रजत और 50 मी. रायफल प्रोन-वूमेन टीम स्पर्धा में कु. सुनिधि चौहान, कु. नुपुर कुमरावत और कु सौम्या रघुवंशी ने 01 कांस्य सहित कुल 03 पदक अर्जित किये है।

134 रनों से मैच जीतकर वेस्टइंडीज ने रचा इतिहास, वर्ल्ड कप में लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

युगांडा। एजेंसी

वेस्टइंडीज की टीम ने युगांडा के खिलाफ 134 रनों से जीत दर्ज की है। युगांडा के बल्लेबाज वेस्टइंडीज की मजबूत गेंदबाजी के आगे टिक नहीं पाए और आउट हो गए। मैच में वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज की टीम ने बैटिंग करते हुए 173 रन बनाए। जिसके जवाब में युगांडा की टीम 39 रनों पर ऑलआउट हो गई। मैच जीतकर वेस्टइंडीज ने कई बड़े रिकॉर्ड्स बना दिए हैं।

वेस्टइंडीज की टीम ने युगांडा के खिलाफ 134 रनों से जीत दर्ज की है, जो टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत है। टी20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी जीत हासिल करने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम है। श्रीलंका ने टी20 वर्ल्ड कप 2007 में केन्या के खिलाफ 172 रनों से मैच जीता था। साउथ अफ्रीका की टीम टी20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी जीत हासिल करने के मामले में तीसरे नंबर पर है। अफ्रीका ने स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2009 में 130 रनों से मैच जीता था।

पहली बार इतने रनों से जीता मैच वेस्टइंडीज की टीम ने 134 रनों से मैच जीतकर इतिहास रच दिया है। वेस्टइंडीज ने पहली बार कोई टी20 इंटरनेशनल मैच 100 प्लस रनों से जीता है। इससे पहले वेस्टइंडीज की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2014 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच 84 रनों से अपने नाम किया था, जो उसकी सबसे बड़ी जीत थी। वहीं वेस्टइंडीज की ये टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार छठी जीत है।

अकील हुसैन ने हासिल किए पांच विकेट

वेस्टइंडीज के लिए मैच में अकील हुसैन ने कमाल की गेंदबाजी की। उनकी कातिलाना बॉलिंग के आगे युगांडा के बल्लेबाज टिक नहीं पाए और आउट हो गए। उन्होंने मैच के चार ओवर में 11 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए हैं। टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के किसी भी बॉलर की ये बेस्ट बॉलिंग फिगर है।

आंद्रे रसेल का बड़ा कारनामा, ड्वेन ब्रावो के इस खास रिकॉर्ड की बराबरी

युगांडा। वेस्टइंडीज की टीम ने युगांडा के खिलाफ मुकाबले में जहां अपने टी20 इंटरनेशनल की रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत हासिल की तो वहीं इस मैच में विंडीज टीम के स्टार ऑलराउंडर खिलाड़ी आंद्रे रसेल भी इस मैच में पूर्व खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो के रिकॉर्ड की बराबरी करने में कामयाब हुए। रसेल ने इस मुकाबले में बल्ले से जहां 17 गेंदों में 6 चौकों की मदद से 30 रनों की पारी खेली तो वहीं गेंदबाजी में भी वह अपना कमाल दिखाने में कामयाब हुए और 1 विकेट हासिल किया। रसेल ने इसी के साथ टी20 इंटरनेशनल में अपने 1000 रनों का आंकड़ा भी पूरा कर लिया और वह वेस्टइंडीज के 11वें ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट में हजार रन पूरे किए हैं। आंद्रे रसेल ने जहां टी20 इंटरनेशनल में अपने 1000 रन पूरे किए तो वहीं वह 50 विकेटों का आंकड़ा पहले ही पूरा कर चुके थे। इसी के साथ रसेल अब वेस्टइंडीज की तरफ से टी20 इंटरनेशनल में ड्वेन ब्रावो के बाद दूसरे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने इस कारनामे को अंजाम दिया है। रसेल इंटरनेशनल क्रिकेट में इस मामले में 13वें खिलाड़ी बने हैं। रसेल ने अब तक टी20 इंटरनेशनल में 77 मैचों में खेलते हुए 22.73 के औसत से कुल 1000 रन बनाए हैं, जिसमें उन्होंने 3 अर्धशतकीय पारियां भी खेली हैं और 23 बार नाबाद पवेलियन लौटे हैं। वहीं गेंदबाजी की बात की जाए तो उसमें रसेल ने 32.62 के औसत से कुल 52 विकेट हासिल किए हैं। इस दौरान उनका एक मैच सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 19 रन देकर 3 विकेट था। युगांडा के खिलाफ वेस्टइंडीज की 134 रनों से जीत टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में रनों के अंतर के मामले में दूसरी सबसे जीत है।

संचार की कमी से कुछ फैसले थे जो मेरे पक्ष में नहीं आए : श्रेयस

नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय क्रिकेट के दाएं हाथ के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वह अपने शरीर पर काम करना चाहते थे लेकिन संचार की कमी के चलते उन्हें टीम इंडिया के साथ-साथ केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा। पिछले साल मार्च में पहली बार पीठ में चोट लगने के बाद श्रेयस अय्यर वनडे विश्व कप में भी खेले और शानदार प्रदर्शन भी किया था। उन्होंने टूनार्मेंट में 530 रन बनाए थे।

श्रेयस अय्यर ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि वह वनडे विश्व कप के बाद अपने शरीर पर काम करने के लिए ब्रेक लेना चाहते थे लेकिन गलत संचार के कारण उन्हें निराशा मिली। वह रणजी ट्रॉफी और आईपीएल जीतने में सक्षम होने पर खुशी व्यक्त करने से पहले बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करके झटके का जवाब देना चाहते थे। उन्होंने कहा कि विश्व कप मेरे लिए खास था। मैं उसके बाद ब्रेक लेना चाहता था, कुछ क्षेत्रों में अपनी ताकत बनाना चाहता था - संचार की कमी के कारण, कुछ फैसले थे जो मेरे पक्ष में नहीं आए। दिन के अंत में बल्ला हमेशा मेरे हाथ में रहेगा और प्रदर्शन करना और ट्रॉफियां जीतना मुझ पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि मैं जानता था कि एक बार जब मैं रणजी ट्रॉफी और आईपीएल जीत लूंगा, तो जो कुछ भी हुआ उसका यह एक उपयुक्त जवाब होगा। अतीत में, शुक्र है कि सब कुछ सही जगह पर हुआ, हमारे पास भविष्य में जीतने के लिए बहुत सारी ट्रॉफियां हैं।

अप्रैल 2023 में पीठ की सर्जरी कराने के बाद अय्यर ने कहा कि बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में नेट्स प्रक्टिस में खुद को कड़ी मेहनत करने से उन्हें आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली। सर्जरी के बाद, वह एनसीए में थे, नेट्स पर अभ्यास कर रहे थे।

उन्होंने कि उन्होंने अपने जीवन में कभी इतने लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं की। वह हमेशा खुद को नेट्स में बल्लेबाजी करने से रोकता था क्योंकि मुझे शिकायत थी कि विकेट उतने अच्छे नहीं थे। अचानक, मैंने खुद से कहा कि खुद को कठिन परिस्थितियों में रखो क्योंकि युद्ध मैदान के बाहर जीता जाता है, मैदान पर नहीं। जब आप अपने दिमाग से खेलते हैं, जब आप खुद को कठिन परिस्थितियों में डालने के लिए अपने दिमाग को चुनौती देते हैं।

वाणिज्य

वैश्विक रुझान शेयर बाजार की चाल तय करेंगे

- कच्चे तेल और जिंस की कीमतों से भी बाजार की चाल तय होगी

मुंबई। एजेंसी

इस सप्ताह फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान शेयर बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार के जानकारों ने कहा कि लोकसभा चुनाव और आरबीआई नीति समीक्षा के नतीजे आ चुके हैं। अब निवेशकों का ध्यान वैश्विक कारकों पर है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल और जिंस की कीमतों से बाजार की चाल तय होगी। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के निवेश पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि बाजार का परिदृश्य प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा। भारत में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति, चीन में सीपीआई मुद्रास्फीति, ब्रिटेन में जीडीपी के आंकड़े, अमेरिका में सीपीआई के आंकड़े और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से बाजार की आगामी दिशा तय होगी। आने वाले दिनों में बाजार में अस्थिरता कम होने की संभावना भी है। बाजार पर इस सप्ताह आरबीआई के ब्याज दरों को यथावत रखने से दर-संवेदनशील समूहों में लिवाली जारी रह सकती है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र में एक फिर राजग की सरकार बनने से बाजार समर्थित नीतियों के आगे भी जारी रहने का सेंसेक्स और निफ्टी पर असर देखा जा सकेगा।

सबसे ज्यादा फायदे में रही तीन कंपनियां

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह 10 सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनियों में आठ ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल मिलाकर 3.28 लाख करोड़ रुपये जोड़े। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सर्वाधिक लाभ हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत उछल गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और आईटीसी को लाभ हुआ। इन कंपनियों ने अपने बाजार मूल्यांकन में कुल 3,28,116.58 करोड़ रुपये जोड़े। शीर्ष 10 कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में गिरावट हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 80,828.08 करोड़ रुपये बढ़कर 14,08,485.29 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने 58,258.11 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 6,05,407.43 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 54,024.35 करोड़ रुपये बढ़कर 19,88,741.47 करोड़ रुपये और इंफोसिस का मूल्यांकन 52,770.59 करोड़ रुपये बढ़कर 6,36,630.87 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 32,241.67 करोड़ रुपये बढ़कर 11,96,325.52 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 32,080.61 करोड़ रुपये बढ़कर 8,10,416.01 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी ओर एलआईसी का मूल्यांकन 12,080.75 करोड़ रुपये घटकर 6,28,451.77 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 178.5 करोड़ रुपये घटकर 7,40,653.54 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

एफपीआई ने जून में इक्विटी से 14,800 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली। एजेंसी

विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले हफ्ते में घरेलू शेयरों से करीब 14,800 करोड़ रुपये निकाले। भारत के आम चुनाव के नतीजों और चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन से प्रभावित होकर उन्होंने ऐसा किया। चुनाव नतीजों की अनिश्चितता, मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार बढ़ोतरी के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में 25,586 करोड़ रुपये और अप्रैल में 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। उन्होंने जनवरी में 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। विशेषज्ञों ने कहा कि मध्यम से लेकर दीर्घ अवधि के नजरिए से बात की जाए तो विदेशी निदेशकों की नजर भारत में ब्याज दरों की दिशा पर होगी।

आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस महीने (सात जून तक) 14,794 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। भारत में आम चुनाव के नतीजों ने जून में भारतीय इक्विटी बाजारों में विदेशी निवेशकों के प्रवाह को काफी प्रभावित किया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि चीनी शेयरों को लेकर एफपीआई की निराशा खत्म होती दिख रही है और हांगकांग एक्सचेंज में सूचीबद्ध चीनी शेयरों में निवेश बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि चीनी शेयरों का मूल्यांकन बहुत आकर्षक हो गया है। दूसरी ओर, एफपीआई ने ऋण बाजार में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया।

संक्षिप्त समाचार

जियो एयर फाइबर की सुपर स्पीड का सीक्रेट है, स्टैंडअलोन 5जी टेक्नोलॉजी: ओपन सिग्नल

- एयरटेल भी जल्द शुरू करेगा स्टैंडअलोन नेटवर्क सर्विस

चमकता राजस्थान। नई दिल्ली। दुनिया की प्रतिष्ठित मोबाइल नेटवर्क एनालिटिक्स कंपनी ओपनसिग्नल ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि जियो के स्टैंडअलोन 5जी नेटवर्क की वजह से ही जियो एयर फाइबर अपने ग्राहकों को शानदार स्पीड पर डेटा दे पाता है। ओपन सिग्नल का मानना है कि जियो की फिक्सड वायरलेस सर्विस यानी जियो एयर फाइबर के ग्राहक प्रतिमाह औसतन 400 जीबी डेटा की खपत करते हैं। यह खपत मोबाइल ग्राहकों की तुलना में काफी अधिक है। इसके बावजूद जियो एयर फाइबर की स्पीड और क्वालिटी स्कोर, 5जी मोबाइल नेटवर्क के समान बनी रहती है।

भारत के 'फिक्सड वायरलेस सर्विस'में अकेला रिलायंस जियो ही अभी स्टैंडअलोन 5जी नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहा है। ओपन सिग्नल के मुताबिक स्टैंडअलोन 5जी के साथ नेटवर्क स्लाइसिंग टेक्नोलॉजी भी जियो एयर फाइबर को डेटा खपत प्रबंधन में मदद करती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस टेक्नोलॉजी के फायदों को देखते हुए एयरटेल भी स्टैंडअलोन 5जी नेटवर्क पर फिक्सड वायरलेस सर्विस लाने की तैयारियां कर रहा है।

जिन इलाकों में ब्रॉडबैंड कवरेज कम है उन क्षेत्रों को नेटवर्क कवरेज में लाने के लिए रिलायंस जियो ने पिछले साल ही जियो एयर फाइबर लॉन्च किया था। जियो एयर फाइबर की सबसे अधिक मांग टियर -2 शहरों से आ रही है। ग्राहकों को लुभाने के लिए जियो ने 599 रु से शुरू होने वाले कई किफायती प्लान भी लॉन्च किए हैं।

श्रीमहाराणा प्रताप जयंती समारोह आयोजित

चमकता राजस्थान। जयपुर। वैशाली नगर में श्रीमहाराणा प्रताप जयंती पर समारोह आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठ आईएएस राजेश्वर सिंह ने उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, आईपीएस हेमन्त प्रियदर्शी के साथ भाग लेकर देवतुल्य महापुरुष के श्रीचरणों में श्रद्धासुमन समर्पित किये।

राजधानी जयपुर में मादक पदार्थ गांजा-स्मैक की सप्लाई करने वाले अपराधियों पर पुलिस ने कसा कानूनी शिकंजा

- कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के नेतृत्व में ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जयपुर पुलिस निरंतर ताबड़तोड़ कार्रवाई को दे रही हैं अंजाम

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी.) । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ₹क्लीन स्वीप₹ अभियान के तहत श्याम नगर और महेश नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ स्मैक और गांजा की तस्करी करने वाले चार लोगों को पकडा है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 30 ग्राम 37 मिलीग्राम, गांजा 264 ग्राम, बिक्री राशि 4 हजार 540 रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने श्याम नगर और महेश नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ स्मैक और गांजा की तस्करी करने वाले तस्कर दिनेश कुमार निवासी सुमेरपुर जिला पाली हाल महेश नगर जयपुर, बैजनाथ चौधरी निवासी पचेवर जिला टोंक, नरेश वैष्णव निवासी पचेवर जिला टोंक और एक महिला तस्कर कमली सांसी निवासी श्याम नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक 30 ग्राम 37 मिलीग्राम, गांजा 264 ग्राम, बिक्री राशि 4 हजार 540 रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त किया है।

बाड़ी पालिका चेयरमैन कमलेश देवी ने बसेडी रोड पर चल रहे! सफाई कार्य का औचक निरीक्षण

चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण) की प्रमुख रिपोर्ट आज दिनांकः- 09/06/2024 को बाड़ी नगरपालिका द्वारा बसेड़ी रोड पर नाला सफाई चल रही थी, नाला सफाई का निरीक्षण करने नगर पालिका अध्यक्ष कमलेशदेवी ने दौरा किया! इस दौरानसफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा और सफाई कर्मचारी नहीं मिले मौके पर, नगरपालिका अध्यक्ष ने सफाई निरीक्षक को लगाई फटकार, नगरपालिका ए. ड. रविंद्रसिंह को सफाई निरीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिए सख्त निर्देश,

100 करोड़ रूपए के बजट से विकसित होगा महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट: सीएम भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

उदयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप न केवल राजस्थान और भारत अपितु पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनकी वीरता, शौर्य और देशभक्ति को काल और भौगोलिक सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता है। महाराणा प्रताप के जीवन से विषम परिस्थितियों में भी पीछे नहीं हटने तथा सदैव, सत्य, धर्म और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाना हमारी सरकार का लक्ष्य है और इस दिशा में 100 करोड़ रूपए की लागत से महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को उदयपुर के टाईगर हिल स्थित प्रताप गौरव केंद्र, राष्ट्रीय तीर्थ परिसर में आयोजित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रताप गौरव केंद्र पर आकर जिस गौरव की अनुभूति हो रही है उसे शब्दों में कहना असंभव है। 9 जून का दिन भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा हुआ है। कल मेवाड़ मुकुट, सनातन धर्म की आन-बान- शान, वीर शिरोमणि और हिंदुआ सूरज महाराणा प्रताप जी की जयंती है। उन्होंने महाराणा प्रताप को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यह सुखद संयोग है कि 9 जून को ही नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने वीर प्रसूता मेवाड़ धरा को नमन करते हुए कहा कि भारत के इतिहास में राजपूताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है और इस राजपूताने में मेवाड़ का अपना एक विशिष्ट स्थान है। उन्होंने महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक की शौर्यगाथा, मां पन्नाधाय के बलिदान, भामाशाह के सर्वस्व अर्पण तथा बप्पा रावल, महाराणा कुंभा और महाराणा सांगा की वीरता, पराक्रम को भी याद किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहसरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के त्याग, बलिदान और स्वाभिमान की गौरवगाथा सुनाई। उन्होंने कहा कि आज हमारी संस्कृति, सभ्यता व धर्म रक्षित हैं तो उसका कारण यही है कि महाराणा प्रताप जैसे महापुरूष हुए, जो अपना राज्य बचाने के लिए नहीं बल्कि धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए लड़े। सर्वस्व त्याग कर जंगलों में रहकर और अभावों में जीवनयापन करके भी समर्पण नहीं किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

'नर सेवा ही नारायण' जीवन की सबसे महान एवं पुनित सेवा मानव की सेवा होती है : वन एवं पर्यावरण मंत्री

चमकता राजस्थान

जयपुर, !(खलील कुरैशी) । वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को अलवर स्थित महावर धर्मशाला में रोटरी क्लब जयपुर मेजेस्टी के साथ आयोजित निःशुल्क एलएन-4 प्रोस्टेथिक हैण्ड (कृत्रिम हाथ) वितरण शिविर में शिरकत की। मंत्री संजय शर्मा ने रोटरी क्लब द्वारा मानव सेवा के लिए आयोजित किए गए कृत्रिम हाथ वितरण कैम्प के लिए सभी सदस्यों आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा ही सबसे बडा पुण्य है। इस कार्य में सामाजिक संस्थाएं बढ़-चढ़कर मानव सेवा का धर्म निभा रही हैउन्होंने कहा कि कृत्रिम हाथ वितरण के लिए लगाया गया यह शिविर जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करने में सहायक होगा। कृत्रिम हाथ लगने पर दैनिक कार्यों को किए जाने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा समय-समय पर आगे आकर मानव सेवा के कार्य किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों के कल्याण हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है जिनका बिना भेदभाव के लाभ प्रदान किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि आमजन जागरूक रहकर इन योजनाओं का लाभ उठावे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष एम.एल गुप्ता ने बताया कि शिविर में कोहनी से चार इंच के आगे जिन व्यक्ति के हाथ नहीं है या किसी कारण से हाथ कट गया है उन व्यक्तियों को निःशुल्क हाथ लगाया गया जिससे व्यक्ति रोजमर्रा के कार्य आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह कृत्रिम हाथ एलएन-4 फाउंडेशन अमेरिका के द्वारा उपलब्ध कराये गए है। उन्होंने बताया कि शिविर में 60 से अधिक व्यक्तियों को कृत्रिम हाथ लगाए गए।

उद्योग मंत्री कर्नल राठौड़ के मार्गदर्शन में एनएसई और राज्य सरकार के मध्य हुआ एमओयू

- निश्चित रूप से राज्य के व्यापार को इसका सीधा फायदा होगा : कर्नल राज्यवर्धन

चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)राजस्थान सरकार में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के कुशल मार्गदर्शन में भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और राजस्थान सरकार के मध्य राज्य के माइक्रो, स्मॉल व मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) द्वारा प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) के माध्यम से फंड रेसिंग हेतु मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, भाजपा सरकार राजस्थान की एमएसएमई कोअनुकूल पारिस्थिति की तंत्रप्रदान करने व आकर्षक निवेश के अवसर उत्पन्न करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। एमएसएमई केलिएआईपीओ प्लेटफॉर्म होने से स्मॉल व मीडियम इंडस्ट्रीज व व्यापारियों को इसका फायदा मिलेगा। प्रदेश में उद्योग विभाग की इस पहल से एमएसएमई के विस्तार के नए आयाम स्थापित होंगे।

मायूस मत होना,फिर चुनाव लड़ेंगे और अबकी बार जीतेंगे: चुनाव की तैयारी अभी से ही शुरू : विधायक रविन्द्र सिंह भाटी

नवनिर्वाचित सांसद बेनीवाल ने दिल्ली में पीसीसी चीफ और प्रभारी से की मुलाकात

चमकता राजस्थान

बाड़मेर। लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद बाड़मेर सीट से जीते नवनिर्वाचित सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल बीते दो दिनों से दिल्ली में हैं। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं से मुलाकात की। इधर हार के बाद निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी बालोतरा जिले के कनाना हॉस्पिटल उद्घाटन समोराह में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने अपनी स्पीच में कहा कि मायूस मत होना, अगला चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। तैयारी अब से शुरू कर दी है। भाटी ने युवाओं से अपील की सोशल मीडिया पर टीका टिप्पणी नहीं करें। बेनीवाल दो दिन से दिल्ली में है। शनिवार को सांसदों की मीटिंग में शामिल हुए थे। बाड़मेर लोकसभा सांसद निर्वाचित होने के बाद उम्मेदाराम बेनीवाल आज दिल्ली मे राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा से मुलाकात की। इसके बाद पीसीसी चीफ और बेनीवाल पंजाब भवन पहुंचे। वहां पर राजस्थान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा से आत्मीय मुलाकात की। रंधावा को गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

बीजेपी शहर मंडल वैर के कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का किया भव्य स्वागत

चमकता राजस्थान। वैर (राजवीर सिंह) भारतीय जनता पार्टी शहर

मण्डल वैर में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक ऋतु बनावत, ऋषि बंसल का गर्मजोशी से मण्डल अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माला एवं साफा एवं राम दरवार का चित्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया स्वागत में निम्न कार्यकर्ता, पूर्व अध्यक्ष गोपालराम शर्मा, महामंत्री राखीलाल सैनी, पूरन महावर , संजीव महर्षि, उपाध्यक्ष उमेश गोयल,वेदप्रकाश दत्तात्रेय,मुकेश प्रजापत मंत्री हरिओम शर्मा, सूका जाट,कमलकान्त सैनी, सतीश पाराशर,सूरज सैनी, गिरधारी,मोहन सिंह,प्रेमसिंह, देवीसिंह कोली आदि मौजूद रहे

नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ, भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न का माहौल: मुकेश पारीक

भाजपा कार्यालय में ढोल नगाडों पर झूमें कार्यकर्ता, मिठाई खिलाई और आतिशबाजी कर मनाया उत्सव: मुकेश पारीक

चमकता राजस्थान

जयपुर। राष्ट्रपति भवन में एक ओर नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ले रहे थे, वहीं दूसरी ओर देशभर में आतिशबाजी, जश्न और उत्सव का माहौल देखने को मिला। भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी ढोल-नगाड़ों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाचते-गाते और झूमते हुए मोदी के प्रधानमंत्री बनने की खुशी व्यक्त की। भाजपा कार्यालय में बडी स्क्रीन लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह को लाइव प्रसारण किया गया। मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर भाजपा कार्यालय रंगीन रोशनी से सजाया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देश के आमजन में एक अलग ही उत्साह और उमंग का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर भाजपा के युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा सहित तमाम प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन प्रदेश कार्यालय में पहुंचकर एक दूसरे का बधाई दी। मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा कार्यालय मोदी-मोदी के नारों से गूंजायमान हो गया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत, भाजपा प्रवक्ता केके जानू, भाजपा पैनेलिस्ट सुरेश गर्ग, मदन प्रजापत, विकास बा-रेठ, सुमित श्रीमाल, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह पंवार, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ, भाजयुमो जयपुर शहर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरूवंशी, नमो एप प्रदेश सह संयोजक सुनील पाराशर, भाजपा मीडिया कार्यकारिणी सदस्य जीतमल पंचारिया, डॉ अखिल शुक्ला, जीएन पारीक, भवानी सिंह राजावत, सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929